नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 270 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 25 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर — हिंदू सेना की समीक्षा बैठक डोमनहील सीताराम मंदिर में संपन्न

पेज -8 पर — निगम का घेराव करने जिला भाजपा अध्यक्ष की अपील


## स्मार्ट सिटी कार्यालय में भाजपा पार्षद दल का हंगामा

बूढ़ा तालाब फुटपाथ निर्माण में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप



**रायपुर।** बूढ़ा तालाब में सड़क और फुटपाथ ढहने के मामले को लेकर भाजपा पार्षदों ने स्मार्ट सिटी लिमिटेड में जमकर हंगामा किया. इस दौरान सीओओ उज्ज्वल पोरवाल से भाजपा पार्षदों ने जमकर विवाद भी हुआ। भाजपाइयों ने ठेकेदार और अधिकारी को तत्काल निलंबित करने की मांग की। भाजपा पार्षद दल ने बूढ़ा तालाब में सड़क और फुटपाथ निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया. भाजपाइयों ने कहा, निर्माण में भ्रष्टाचार के कारण नवनिर्मित फुटपाथ सड़क समेत तालाब में समा गया था।

## गोबर पेंट से रंगने लगे स्कूल, 1914 भवनों का हुआ कायाकल्प

आकर्षक नजर आ रहे भवन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अधिकांश स्कूल संवरने लगे हैं। योजना के अंतर्गत शाला भवन मरम्मत नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जा रहा है। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप स्कूलों के कायाकल्प होने से अब बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर परिवेश मिलेगा, जिससे बच्चों में पढ़ाई के लिए एक नई उमंग पैदा होगी। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में अब तक प्रदेश में 1914 स्कूल भवनों का कायाकल्प किया जा चुका है। योजना के तहत स्कूलों में छतों को सुधार, टाइल्स, दीवारों में रंग-रोगन, शौचालयों की रिपेयरिंग के साथ ही स्कूल की साज-सज्जा भी की जा रही है। स्कूलों के रंगाई का कार्य गोबर से बने प्राकृतिक पेंट से किया जा रहा है।

एनडीए मुंह में पट्टी लगाकर बैठी है

## मणिपुर को लेकर पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह पर किरणमयी नायक का हमला, बोलीं- मणिपुर जाने से डर लग रहा क्या?



**रायपुर.** मणिपुर की घटना पर महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने बड़ा बयान दिया है. किरणमयी नायक ने कहा, ह्ड्ढ सरकार मुंह में पट्टी लगाकर बैठी है. मणिपुर में सत्ताधारी विधायक वेदना व्यक्त कर रहे हैं, लेकिन रोक लगाने के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहे. प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के कान में जूं रेंग जाए तो वो एक्शन लें. प्रधानमंत्री और गृहमंत्री उथली और छिछली राजनीति करने के लिए मुद्दे को डायवर्ट कर रहे हैं. मणिपुर जाने से डर लग रहा है क्या? जनता पिटाई कर देगी। किरणमयी नायक ने आगे कहा, नैतिक जिम्मेदारी है कि जाकर वहां के लोगों पर मलहम तो लगाइए. मणिपुर के मुख्यमंत्री ने खुद कुबूल किया है, वहां ऐसी 100 घटनाएं घट चुकी है. मुख्यमंत्री को तो वहां जाना था. हर व्यक्ति को मुखर होकर इस इस पर बोलना चाहिए. छत्तीसगढ़ में किसी भी महिला पर अपराध हो और स्नड्ढक्रन हो या प्रशासन ने एक्शन न लिया हो तो केंद्र सरकार बताए, खुली चुनौती है। बता दें कि, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक के कार्यकाल को 3 साल पूरा हो गया है. किरणमयी नायक के कार्यकाल में कामकाज से संतुष्ट होकर सरकार ने कार्यकाल बढ़ाया है. आज से नए कार्यकाल की शुरुआत होगी. किरणमयी नायक ने मुख्यमंत्री का आशीर्वाद लेकर नए कार्यकाल की शुरुआत की है. महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने सरकार से शासन की योजना में 'मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ' को जोड़ने की मांग की है. छत्तीसगढ़ में लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 लागू हो. छत्तीसगढ़ में जहां कार्यस्थल पर 10 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, वहां आंतरिक परिवार समिति का गठन अनिवार्य किया जाए।

### एक नजर

## मंत्री मोहन मरकाम ने अधिकारियों से कामकाज की जानकारी ली



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नवपदस्थ आदिम जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्री मोहन मरकाम ने आज यहां मंत्रालय महानदी में विभागीय अधिकारियों से कामकाज के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग के सचिव श्री डी.डी.सिंह मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस में नए लोगों को मिलेगा मौका

निगम-मंडलों के अध्यक्षों का नहीं बढ़ेगा कार्यकाल, नई नियुक्तियां होंगी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में निगम आयोगों के अध्यक्षों को दोबारा रिपीट नहीं किया जाएगा। कांग्रेस भवन में सेलजा कुमारी पदाधिकारियों की बैठक ले रही हैं। इसमें कई ऐसे पदाधिकारी पहुंच रहे हैं, जो निगम-मंडल में अध्यक्ष के पद पर हैं।



वे उनसे रिन्यूअल की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अंदरखाने से खबर है कि कुमारी सेलजा ने स्पष्ट कर दिया है कि नए लोगों को मौका मिलेगा। चुनाव के लिए अब तीन चार महीने का समय ही बच गया है। ऐसे में अब टिकट की दावेदारी करने वाले बहुत से पदाधिकारियों ने बड़े नेताओं के चक्कर काटना शुरू कर दिया है। इनमें वर्तमान विधायक और निगम मंडल के अध्यक्ष भी शामिल हैं। कई बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष चाहते हैं कि उनका एक्सटेंशन किया जाए। ये फरियाद लेकर वे कुमारी सेलजा से मिलने भी पहुंचे। मगर अंदरखाने से खबर है कि उन लोगों को उन्होंने दो टूक कह दिया है- आपको मौका मिल चुका, बचे समय में दूसरों को मौका मिलेगा। ऐसे तकरीबन 35 लोग हैं, जिनका कार्यकाल खत्म होने वाला है या हो गया है। इन लोगों की जगह अब चार-पांच महीने दूसरे कांग्रेसियों को मौका मिलेगा। इससे कई असंतुष्ट नेताओं को संतुष्ट करने का प्रयास होगा। नवंबर में चुनाव होने हैं, दिसंबर में रिजल्ट आएगा। इस तरह पांच महीने तक तो नए लोगों को किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी। सरकार रिपीट हुई, तो कार्यकाल आगे चलता रहेगा।

## अनवर ढेबर को हाईकोर्ट से मिली अंतरिम ज़मानत, जेल से रिहाई का रास्ता साफ

रायपुर। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले केस में गिरफ्तार अनवर ढेबर को बिलासपुर हाईकोर्ट से अंतरिम ज़मानत मिल गई है. अब उनकी जेल से रिहाई का रास्ता साफ़ हो गया है. अनवर ढेबर को मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मिली है।



बिलासपुर HC में जस्टिस दीपक तिवारी की कोर्ट ने राहत दी है.बता दें कि मेडिकल ग्राउंड पर तीन हफ्ते की अंतरिम जमानत मिली है. बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय(ED) ने बीते दिनों रायपुर की विशेष अदालत में चार्जशीट पेश की थी. चार्जशीट प्रदेश में ईडी की ओर से उजागर किए गए शराब घोटाले के संबंध में थे. 13 हजार पन्नों की चार्जशीट अदालत में लाई गई थी. एक बड़े से संदूक में दस्तावेज कोर्ट पहुंचे थे.

कारोबारी अनवर ढेबर, त्रिलोक ढिल्लन और आबकारी विभाग में अधिकारी रह चुके ए पी त्रिपाठी को शराब घोटाले का मास्टरमाइंड बताया गया था. इन दस्तावेजों में बताया गया था कि इन लोगों ने मिलकर सरकारी सिस्टम का दुरुपयोग करते हुए बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दिया.

*चार्जशीट में इस बात का भी जिक्र है कि इन रुपयों को कुछ राजनीतिक साझेदारों के साथ बांटा भी गया. 13000 पन्नों की चार्जशीट में कारोबारियों और अधिकारियों के बीच हुए वॉट्सऐप चैट से लेकर शराब घोटाले के सिंडिकेट के बीच कामकाज का ब्यौरा है।*

## गृहमंत्री तो पार्टी की बैठक लेने आते हैं, तथ्यों के आधार पर कार्रवाई कर रही ईडी-अरुण साव



**रायपुर।** ईडी कार्रवाई को लेकर कांग्रेस के बयान पर अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा, झूठ बोलना कांग्रेस की आदत है. ईडी की कार्रवाई कई महीनों से चल रही है. गृहमंत्री तो पार्टी की बैठक लेने आते हैं। कांग्रेस सरकार डरी हुई है. तथ्यों के आधार पर ईडी कार्रवाई कर रही है. बीजेपी की लगातार हो रही बैठकों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा, बीजेपी में विविध कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं. विधानसभा स्तर की बैठक हो रही है. कार्यक्रम की योजना की दृष्टि से बैठक हो रही है. राज्य की कांग्रेस सरकार से छत्तीसगढ़ की जनता को मुक्ति दिलाना एकमात्र लक्ष्य है. संभाग स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा, संभाग स्तर पर मीडिया प्रमुखों की कार्यशाला कर रहे हैं. आज रायपुर सभाग की कार्यशाला है. बीजेपी के चुनाव अभियान समिति में बाहरी नेताओं को जगह देने वाले कांग्रेस के बयान पर साव ने कहा, कांग्रेस घबराई हुई है इसलिए बेतुकी बाते कर रही है. हमने घोषणा पत्र समिति बना दी है. कई समिति जल्द घोषित होगी. बीजेपी कांग्रेस के घोटाले को उजागर कर रही है, इससे कांग्रेस डरी हुई है. कांग्रेस जनता का सामना नहीं कर पा रही है. कांग्रेस में तानाशाही चल रही है. कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी है. एससी और एसटी मोर्चे की बैठक पर बीजेपी प्रदेशअध्यक्ष अरुण साहू ने कहा, अलग-अलग कार्यक्रम सभी मोर्चा प्रकोष्ठ को पार्टी ने दिए हैं. कार्यक्रमों की योजना और रचना के लिए किस तरह से जमीनी स्तर तक लेकर जाना है इस पर चर्चा हो रही है. पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के बीजेपी बैठक में शामिल ना होने पर कांग्रेस द्वारा कसे गए तंज पर साव ने पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस अपने नेताओं के अपमान की चिंता करें. ननकीराम जी का स्वयं कॉल आया था. ननकीराम ने कहा था मैं स्वयं चला गया कोरबा जाना था।

## मणिपुर हिंसा का विरोध:कांग्रेसियों ने फूंका मणिपुर सीएम का पुतला



**रायपुर/चारामा ।** मणिपुर में बीते 80 दिनों से चल रही हिंसा और उस हिंसा में महिलाओं के ऊपर हुए अत्याचार एवं घृणित कार्य को लेकर आदिवासी कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी के द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी की उपस्थिति में नगर की प्रतीक्षा बस स्टैंड में मणिपुर के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया जमकर नारेबाजी की गई। विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी, कुबेर ठाकुर आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष चारामा,के एल मरकाम जिला उपाध्यक्ष सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा की, भारत जोकि विविधताओं ,विभिन्न संस्कृति परंपरा, विभिन्न अलग-अलग समाजों, विभिन्न जाति धर्म होने के बाद भी अनेकता में एकता का संदेश देने वाला देश है और इसी देश में नारियों की पूजा मां के रूप में की जाती रही है ,लेकिन आज इसी देश में एक ऐसा वक्त आ गया है की नारियों को उनकी इज्जत को हर तरीके से उछाल कर उनके साथ कुकर्म किया जा रहा है और सबसे बड़े निंदा का विषय है कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद केंद्र से लेकर राज्य सरकार जो अपने आप को डबल इंजन की सरकार बताती है, हर तरीके से फेल नजर आ रही है, 80 दिन से एक राज्य जल रहा है पुलिस प्रशासन के सामने महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, वहां की सरकार हर तरीके से हिंसा करने वालों के समक्ष नतमस्तक हो चुकी है। और वही 56 इंच का सीना बता कर विश्व में विदेश में डंका पीटने वाले मोदी जी अपने ही देश में शांति व्यवस्था लागू नहीं कर पा रहे ,शांति वैसा तो तब आएगी ना जब वे प्रयास करेंगे, और यहां तक वे तो अपने मुंह पर मणिपुर पर कुछ बोलने से भी बच रहे हैं ,मणिपुर की जनता न्याय मांग रही है, लेकिन मणिपुर के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री मणिपुर की जनता को हिंसा की आग में झोंक दिए और उनको उनके हाल पर छोड़ दिए है।

## इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी, ठेकेदार पर भी होगी कार्रवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के फेमस पर्यटन स्थलों में से एक बूढ़ातालाब में बना फुटपाथ बारिश की वजह से धंसककर तालाब में गिर गया है। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ।



क्योंकि यहां अधिक संख्या में लोग सुबह-शाम के वक्त घूमने आते हैं। ऐसे में बड़ा हादसा हो सकता था। लगभग 18 करोड़ रुपए की लागत से तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया है। फुटपाथ धसने की सूचना पर महापौर एजाज ढेबर मौके पर पहुंचे। ढेबर ने फुटपाथ धसने की वजह से नाराजगी जताई है। उन्होंने ने कहा कि इससे जुड़े अफसर और ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल धसे हुए हिस्से को नगर निगम ने बैरिकेडिंग की है। यह भी देखा जा रहा है कि धसे हुए हिस्सा खोखली होती जा रही है। महापौर ने धसे हुए हिस्से को जल्द ठीक करने के लिए निर्देश दिए हैं। दूसरी ओर बूढ़ातालाब में बने फुटपाथ का दूसरा हिस्से के भी तालाब में गिरने की संभावना बनी हुई है। मामले में महापौर बेहद नाराज दिखे। उन्होंने इस संबंध में इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर ढेबर ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारी और ठेकेदार जो कार्य में शामिल हैं, उन्हें ब्लैकलिस्टेड करने को कहा है।

**स्वागत....** सर्व यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन

## मवेशियों के इलाज के लिए अब गौठानों में पहुंचेगे मोबाईल वेटनरी वाहन : मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गौ-पालन और डेयरी उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य शासन ने अनेक कदम उठाए गए हैं। गोधन न्याय योजना प्रारंभ की गई है। इसी कड़ी में अब प्रदेश में हाट-बाजार क्लीनिक योजना की तर्ज पर मवेशियों के इलाज के लिए जल्द ही मोबाईल वेटनरी वाहन प्रारंभ किए जाएंगे।

मोबाईल वेटनरी वाहन तय कार्यक्रम के अनुसार गौठानों में पहुंचेंगे जहां ग्रामीण अपने मवेशियों का इलाज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय में सर्व यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डेयरी उद्योग को दिए जा रहे प्रोत्साहन से दूध के उत्पादन में 50 हजार लीटर की वृद्धि हुई है। उन्होंने सर्व यादव समाज से राज्य शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर डेयरी सेक्टर को मजबूत करने का आव्हान किया। इस अवसर पर सर्व यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्री रमेश यदु के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में यादव समाज को सामाजिक भवन के लिए जमीन और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल का चांदी का मुकुट तथा गजमाला पहनाकर तथा भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा और बैलगाड़ी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न विधानसभाओं में भेंट-मुलाकात के दौरान यादव समाज सहित सभी समाजों को रियायती दर पर जमीन तथा भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। सामाजिक भवन होने से विभिन्न समाजों को सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए खेती-किसानी, पशुपालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। गौठानों को रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित कर वहां महिलाओं और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हाल ही में टाटा टेक्नालाजिस के साथ 36 आईटीआई के उन्नयन के लिए 1188 करोड़ रूपये की परियोजना का एमओयू किया गया है।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रितपाल बेलचंदन गिरफ्तार, करोड़ों रुपए गबन का है आरोप



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दूर्ग जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रितपाल बेलचंदन को गिरफ्तार कर? लिया गया है। बता दें कि प्रितपाल बेलचंदन पर करोड़ों रुपए के गबन का आरोप है। मामले में 2021 में केस दर्ज किया गया था, लेकिन हाईकोर्ट से स्टे होने के चलते गिरफ्तारी नहीं की गई थी। ज्ञात हो कि प्रितपाल बेलचंदन भाजपा के कद्दवार नेताओं में से एक हैं।

मिली जानकारी के अनुसार प्रितपाल बेलचंदन पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष के पद पर पदस्थ रहते हुए 14 करोड़ रुपए गबन करने का आरोप है। मामले का खुलासा होने के बाद साल 2021 में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। लेकिन हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे लगा दिया था, जिसके चलते गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी। बता दें कि प्रितपाल बेलचंदन लंबे समय तक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष रह चुके हैं। इतना ही नहीं प्रितपाल बेलचंदन विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। दूसरी ओर ये भी कहा जाता हे कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में अध्यक्ष रहते हुए ?प्रितपाल बेलचंदन ने सहकारिता को एक नई दिशा दी थी, जिससे किसानों को बहुत राहत मिली थी।

# भारत श्रीलंका राजनयिक संबंधों का अमृत वर्ष, अहम है राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की यात्रा

मौजूदा जटिल समय में बाइबिल की इस उक्ति का पालन करना बहुत मुश्किल है कि अपने पड़ोसियों के साथ प्रेम करें, खासकर जब पड़ोसियों के साथ अन्य पड़ोसी भी उसी प्रेम, अधिक धन, हथियार और तेल के साथ आपसे प्रतिस्पर्धा करते हों। ऐसे में प्यार को मदद का मूर्त रूप लेना होगा, जिससे फर्क पड़ता है। भारत छोटे पड़ोसी देशों से घिरा हुआ है, जिनमें से कुछ मित्रवत हैं, तो कुछ नहीं और वे सभी अपने-अपने हितों की रक्षा करने को इच्छुक हैं।

जबकि चीन उन्हें भारत से दूर करने के लिए गले लगाने को तैयार है। ऐसे में भारत की मदद को सतर्क एवं प्रतिस्पर्धी होना चाहिए, साथ ही, यह देखभाल एवं सहयोग के रूप में दिखना चाहिए। प्रत्येक पड़ोसी के साथ भारत का घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध है, जो आंशिक रूप से भारत की मदद कर सकता है, क्योंकि चीन का उनके साथ वैसा संबंध नहीं है। संक्षेप में यह भारत की पड़ोसी पहले की नीति को निर्धारित करता है। पिछले हफ्ते श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने आपसी रिश्ते को मजबूत करने के लिए भारत का दौरा किया, जो पिछले साल श्रीलंका को भारी आर्थिक संकट से बाहर निकालने के लिए पिछली सभी समस्याओं, चिढ़ और पूर्वाग्रहों से ऊपर दिखा था।

तब भारत ने चार अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज दिया था और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा लगभग तीन अरब डॉलर के राहत पैकेज की सुविधा प्रदान की थी। भारतीय जहाजों ने श्रीलंका की मदद के लिए खाद्य, अन्य जरूरी चीजें और तेल पहुंचाया था, जब उसका आर्थिक संकट एक राजनीतिक संकट में तब्दील हो गया था और उसे सत्ता परिवर्तन के लिए मजबूर होना पड़ा था। भले ही भारत भी ऐसा चाहता हो, लेकिन उस संकट का नतीजा यह हुआ कि राजपक्षे बंधुओं को सत्ता से हटना पड़ा, जो चीन समर्थक रुख के लिए जाने जाते थे। लेकिन कोई भी देश चीन को दूर नहीं जाने देना चाहता। विक्रमसिंघे ने धैर्यपूर्वक भारत यात्रा की योजना बनाई, जब उसके विदेश मंत्री अली साबरी बीजिंग में थे और राष्ट्रपति स्वयं वहां जाने की योजना बना रहे हैं। इस संक्षिप्त यात्रा का समय और मुद्दा, दोनों का महत्व है। यह श्रीलंकाई राष्ट्रपति के रूप में विक्रमसिंघे की



पहली भारत यात्रा थी। इससे पहले छह बार वह श्रीलंका के प्रधानमंत्री के रूप में भारत का दौरा कर चुके हैं।

> पिछले हफ्ते श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने आपसी रिश्ते को मजबूत करने के लिए भारत का दौरा किया, जो पिछले साल श्रीलंका को भारी आर्थिक संकट से बाहर निकालने के लिए पिछली सभी समस्याओं, चिढ़ और पूर्वाग्रहों से ऊपर दिखा था।

दोनों देशों ने पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में संयुक्त इरादे के घोषणापत्र और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा श्रीलंका के त्रिंकोमाली जिले में आर्थिक विकास परियोजना के लिए भी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए। साथ ही, श्रीलंका में यूपीआई एप की मंजूरी के लिए एनआईपीएल एवं लंका पे के बीच नेटवर्क टू नेटवर्क समझौता और सैमपुर सौर ऊर्जा परियोजना के लिए ऊर्जा परमिट का फैसला किया गया। दोनों देशों के बीच बैठक में कनेक्टिविटी, ऊर्जा और आसान वित्तीय लेन-देन पर जोर दिया गया। दिल्ली की यात्रा से पहले विक्रमसिंघे ने संकेत दिया था कि वह ऐसे लेन-देन के पक्षधर हैं, जिसमें भारतीय रुपये की अधिकता शामिल हो। दोनों देशों ने शुक्रवार को हस्ताक्षर करने से पहले हरेक बिंदु पर व्यापक विचार-विमर्श किया। जापान और पेरिस क्लब के अन्य सदस्यों के साथ भारत आधिकारिक ऋणदाता समिति का भी हिस्सा है, और अभी श्रीलंका के साथ एक ऋण उपचार योजना पर बातचीत कर रहा है। चीन, जापान और भारत श्रीलंका के शीर्ष तीन द्विपक्षीय ऋणदाता हैं।

दिल्ली और कोलंबो संभावित संयुक्त उद्यमों की खोज कर रहे हैं, जिसमें वर्षों से लंबित एक एकीकृत ऊर्जा ग्रिड भी शामिल है। भारत यह भी चाहता है कि निजी क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा निवेशक कुछ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में भारी निवेश करें, क्योंकि चीन ने बड़े पैमाने पर इस क्षेत्र में प्रवेश किया है।

चीन ने हिंद महासागर क्षेत्र में कोलंबो के दक्षिण में जमीन पर कब्जा करके एक बड़ी पोर्ट सिटी का निर्माण किया है। श्रीलंका चाहता है कि वैश्विक निवेश, खासकर पड़ोसी भारत से उस परियोजना में भारी निवेश हो। भारत का अदाणी समूह एक अरब डॉलर के निवेश के साथ कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं में लगा हुआ है। इसके अलावा, पिछले साल भुगतान संतुलन की समस्या के मद्देनजर दिवालिया घोषित होने के बाद श्रीलंका अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के लिए भारत से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करना चाहता है, जो वर्तमान में इसके शीर्ष स्रोत है। कोलंबो स्थित भारतीय सीईओ फोरम को हाल ही में संबोधित करते हुए विक्रमसिंघे ने कहा कि भारतीय मुद्रा जल्द ही श्रीलंका में स्वीकार की जाएगी। यह एक ऐसा कदम है, जो व्यापार और पर्यटन, दोनों को प्रोत्साहित करेगा। श्रीलंका ने भारतीय कंपनियों से व्यापक निजी निवेश की मांग की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ मुलाकात में विक्रमसिंघे ने मछुआरों के मुद्दे पर बातचीत की। भारत श्रीलंका के तमिलों के लिए बेहतर और न्यायपूर्ण समझौते का इच्छुक है, जिस पर बातचीत के दौरान चर्चा की गई। भारत इस उम्मीद में रानिल पर निवेश कर रहा है कि वह काम करेंगे, जबकि राजपक्षे ने बाधा उत्पन्न की थी।

महेंद्र वेद

## संपादकीय

### गहलोत का मास्टरस्ट्रोक

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस साल बजट पेश करने से समय से लगातार जन कल्याण की योजनाओं की घोषणा करते जा रहे हैं। तभी कई स्वतंत्र पर्यवेक्षक भी मान रहे हैं कि बजट सत्र से पहले और सत्र के बाद के राजस्थान के राजनीतिक हालात में बहुत फर्क आया है। उन्होंने राज्य स्तर पर जो योजनाएं शुरू कीं वह अपनी जगह है लेकिन बताया जा रहा है कि सरकार ने विधायकों के क्षेत्र के हिसाब से भी योजनाएं बनाई हैं, जिससे क्षेत्र में विधायकों के खिलाफ बनी पांच साल की एंटी इन्कम्बैंसी को कम करने में मदद मिलेगी। इन योजनाओं के जरिए जनता तक भी यह मैसेज पहुंचा है कि अगर विधायक को हराया तो योजना ठप्प हो सकती है। ध्यान रहे अपने पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी तरह दर्जनों योजनाएं घोषित कर दी थीं, मतदाताओं के एक बड़े तबके ने उनको पूरा करने के लिए ही दूसरी बार वोट किया था।

बहरहाल, बजट सत्र से घोषित तमाम योजनाओं के साथ अब गहलोत सरकार ने 'मास्टरस्ट्रोक' चला है। गहलोत ने राजस्थान को पहला राज्य बना दिया है, जिसने न्यूनतम आय की गारंटी दी है। कानून बना कर हर नागरिक को हर साल न्यूनतम आय सुनिश्चित किया है। यह पहली योजना है, जो सामाजिक सुरक्षा पेंशन की गारंटी देती है, हर परिवार को साल में 125 दिन के रोजगार की गारंटी देती है और हर परिवार को न्यूनतम मासिक आय की गारंटी देती है। ये तीन चीजें इस योजना में सबसे खास हैं।

# मीडिया का बदलता चरित्र और महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा

वर्तमान समय में मीडिया का चरित्र दोहरा होता जा रहा है। यह चरित्र सामाजिक न्याय का पैरोकार होने की अपेक्षा राजनीतिक व आर्थिक हित के अनुरूप अपना चरित्र बदल रहा है। चरित्र बदलने व दोहरे चरित्र के साथ काम करने की मानसिकता आज मीडिया में देखी जा रही है।



*हमारे समाज में महिलाओं के साथ हिंसा, बलात्कार की बहुत सी अनगिनत घटनाएं प्रतिदिन घटती है। हम स्वयं भी उस हिंसा को बढ़ावा देते हैं और फिर यह हिंसा एक वर्ग विशेष के प्रति आ मक रूप धारण कर लेती है। उसके सम्मान व जीने के अधिकार का हनन करती है।*

मीडिया अनावश्यक खबरों को आवश्यक बनाता हुआ दिन-भर उस पर बहस को चलाता है और व्यक्तिगत व गैर जरूरी मुद्दों को बहस का केंद्र बना देता है। इसका ताजा उदाहरण ज्योति मोर्य व सीमा हैदर है। जिनका प्रेम व संबंध विच्छेद मीडिया की सुर्खियां बटोर रहा है और टीवी न्यूज चैनलों में बहस का केंद्र बना हुआ है। हम उन खबरों को सुन भी रहें हैं और उनके आधार पर निर्णय भी सुना रहे हैं। दो महिलाओं के व्यक्तिगत निर्णय के आधार पर संपूर्ण महिला समाज को कटघरें पर खड़ा कर रहे हैं। महिलाओं पर व्यक्तिगत आक्षेप से लेकर सार्वजनिक टिप्पणी कर रहे हैं। कोई उनकी शिक्षा व रहन-सहन पर सवाल कर रहा है तो कोई समाज में उन्हें कैसे रहना चाहिए? इसका ज्ञान दे रहा है। इन सब के मध्य जो आवश्यक घटनाएं हैं जो मीडिया के बहस का केंद्र होनी चाहिए थी। वह मीडिया में खबर बनने की आकांक्षा में दम तोड़ देती हैं। यही कारण है कि मीडिया धीरे-धीरे अपना विश्वास व जनमत खोता जा रहा है। हाल ही में मणिपुर से सोशल मीडिया में जारी एक वीडियो ने हमें समाज की मन स्थिति को पुन- समझने के लिए मजबूर कर दिया। जाति व धर्म के नाम पर महिलाओं के साथ यौन हिंसा व हिंसा बढ़ रही है। एक वर्ग विशेष जहां महिला के साथ हिंसा व सार्वजनिक रूप से उसे निर्वस्त्र करके घुमा रहा है। वहीं एक वर्ग दर्शक बनकर वीडियो बना रहा है। हम ऐसे समाज में पहुंच रहे हैं जहां मानवता समाप्त हो रही है। हमें इंसान के जीवन से अधिक इंस्टा, फेसबुक की सुर्खियां, लाइक, कमेंट और सब्सक्राइब अच्छे लगने लगे हैं। इसी प्रकार से दिल्ली में एक लड़की के साथ हिंसा की घटना भी मीडिया में खबर बनी थी और कुछ दिन बहस होने के बाद शांत हो गई थी। यह खबर बेशक मीडिया में पुरानी होकर दरकिनार हो गई थी लेकिन हमारे समाज में महिलाओं के बीच ये आज भी बहस और चर्चा का केंद्र है। सार्वजनिक स्थल पर एक लड़की की सरेआम हत्या की जा रही है और लोगो द्वारा कोई प्रतिक्रिया दिए बिना वहां से चले जाना। ऐसे में हत्यारें से अधिक अपराधी तो वह दर्शक हैं जो अपराध को होता देखकर भी मौन रहे। इसी तरह कहीं भाई अपनी बहन का सिर काट रहा है तो कहीं पति गुस्से में पत्नी के टुकड़े कर रहा है तो कहीं महिलाएं परिवार, समाज से लेकर कार्यस्थलों तक में यौन शोषण का शिकार हो रही हैं। इस तरह की घटनाएं हमारे समाज के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र के लिए भी शर्मनाक है। जब हम अपने ही समाज में महिलाओं के प्रति हत्या, हिंसा और बलात्कार को रोक नहीं पा रहे बल्कि इन अपराधिक घटनाओं में उनके सहयोगी बन रहे हैं और उन घटनाओं का सार्वजनिक प्रदर्शन करके उनके सही होने का उपक्रम कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ हम अपने 'राष्ट्र' को 'माता' शब्द के रूप से संबोधित करते हैं। ऐसे में क्या हम उस शब्द से जुड़े स्त्री सम्मान व मातृत्व भाव का सम्मान कर पा रहे हैं! हमारे समाज में महिलाओं के साथ हिंसा, बलात्कार की बहुत सी अनगिनत घटनाएं प्रतिदिन घटती है। हम स्वयं भी उस हिंसा को बढ़ावा देते हैं और फिर यह हिंसा एक वर्ग विशेष के प्रति आक्रामक रूप धारण कर लेती है। उसके सम्मान व जीने के अधिकार का हनन करती है। महिलाओं के प्रति हिंसा प्रत्येक देशकाल में होती रही है। यह हिंसा स्त्री को निर्वस्त्र ही नहीं करती बल्कि उसके सम्मान के साथ ही राष्ट्र के सम्मान को भी कटघरे में खड़ा करती है। यहां 'स्त्री' का अस्तित्व ही फिर एक प्रश्न बनकर रह जाता है।

– भावना मासीवाल

## मिला जुला

### विपक्ष को दिया दो टूक मैसेज

# मणिपुर में बवाल पर संसद में अमित शाह ने संभाला मोर्चा



**नई दिल्ली।** मणिपुर में दो महिलाओं के साथ दरिंदगी के मुद्दे पर सड़क से संसद तक बवाल मचा हुआ है. विपक्षी गठबंधन 'INDIA' मणिपुर के मुद्दे पर संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान और विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है. इसी को लेकर 'INDIA' गठबंधन के सांसदों ने संसद भवन स्थित गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया. इसके बाद दोनों सदनों में भी जमकर हंगामा हुआ. इन सबके बीच गृह मंत्री अमित शाह ने मोर्चा संभाला. उन्होंने लोकसभा में कहा, मेरा आग्रह है कि संवेदनशील विषय पर सबने चर्चा की मांग की है. मैं चर्चा के लिए तैयार हूं. मुझे नहीं पता कि विपक्ष चर्चा क्यों नहीं चाहता. मेरा आग्रह है कि इस विषय पर चर्चा हो.

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लियाकार्जुन खड़गे ने कहा, हम भी चर्चा के लिए तैयार हैं. प्रधानमंत्री इस मामले पर अपनी बात रखें. अगर 140 करोड़ का नेता बाहर प्रेस से बात करता है और 140 करोड़ जनता के प्रतिनिधी अंदर बैठे हैं, तो आप(प्रधानमंत्री) पहले अंदर अपना बयान दीजिए. उसके बाद हम एक निर्णय लेंगे.

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में मणिपुर पर एक व्यापक बयान दें, जिसके बाद इस मुद्दे पर सामूहिक चर्चा हो. हालांकि, सरकार गृह मंत्री के जवाब के साथ मणिपुर मुद्दे पर अल्पकालिक चर्चा के लिए तैयार हो गई है. लेकिन विपक्ष पहले प्रधानमंत्री के बयान की मांग पर अड़ा है.

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, प्रधानमंत्री को संसद के दोनों सदनों में एक व्यापक बयान देना चाहिए. उन्हें लोकसभा और राज्यसभा में प्रासंगिक स्थगन नियमों के तहत चर्चा का पालन करना चाहिए. हमारे प्रदर्शन की यही मांग है.

AAP सांसद राघव चड्ढा ने कहा, पूरे देश की मांग है कि मणिपुर मामले पर सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी बात रखें. देश में शांति बहाल करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है.

#### ये संवेदनशील मामला- केंद्र

उधर, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, मणिपुर वायरल वीडियो पर पूरा देश पीड़ा व्यक्त कर रहा है. हम हाथ जोड़ कर कह रहे हैं कि आप( विपक्ष) इस विषय पर चर्चा करो और हम इससे कुछ निष्कर्ष निकालेंगे. हम ये नहीं समझ पा रहे हैं कि वो (विपक्ष) चर्चा से क्यों भाग रहे हैं. उनकी क्या सोच है, ये समझ नहीं आ रहा है. हम आज भी मांग करते हैं कि आप इस पर चर्चा कीजिए. ये बहुत संवेदनशील मामला है.

#### 3 मई से जल रहा मणिपुर

मणिपुर में 3 मई को कुकी समुदाय की ओर से निकाले गए 'आदिवासी एकता मार्च' के दौरान हिंसा भड़की थी. इस दौरान कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प हो गई थी.

#### क्या है मामला?

दरअसल, हाल ही में मणिपुर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. इसमें देखा जा सकता है कि भीड़ कुकी समुदाय की दो महिलाओं को नग्न अवस्था में सड़क पर घुमा रही है. इतना ही नहीं महिलाओं के साथ अभद्रता और रेप भी किया गया था. यह वीडियो 4 मई की घटना का बताया जा रहा है. इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मणिपुर में फिर तनाव बढ़ गया. इसे लेकर सड़क से लेकर संसद तक बवाल मचा है.

# राजस्थान विधानसभा में मारपीट, गुढ़ा ने धारीवाल का माइक खींचा, स्पीकर के सामने लाल डायरी लहराई

**जयपुर।** बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के पहुंचते ही राजस्थान विधानसभा में आज जमकर हंगामा हुआ। गुढ़ा लाल डायरी लेकर पहुंचे, स्पीकर के सामने वो डायरी लहराने लगे। गुढ़ा यहीं तक नहीं रुके, उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल का माइक नीचे कर दिया।

दरअसल, धारीवाल गुढ़ा को सदन से बाहर निकालने का प्रस्ताव रख रहे थे। दोनों में तकरार बढ़ने पर कांग्रेस विधायक रफीक खान बीच में आ गए। इस बीच, रफीक और गुढ़ा के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई हो गई।

इसके बाद स्पीकर ने गुढ़ा को सदन से बाहर निकालने के आदेश दिए और मार्शल बुलाकर उन्हें सदन से निकलवा दिया। वहीं, गुढ़ा ने कहा कि पहले सीएम साहब ने रसगुल्ले दिए थे, आज



घूंसे मार दिए।


सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए गुढ़ा रो पड़े। कहा- सदन में उन्हें बोलने नहीं दिया गया। कांग्रेसी मंत्रियों-विधायकों ने मारपीट की, धक्का दिया और घसीटकर बाहर निकाला है। इस पर स्पीकर सीपी जोशी को विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

#### हंगामे के बीच तीन विधेयक पारित

दोपहर दो बजे बाद दोबारा कार्यवाही शुरू हुई तो सारे घटनाक्रम को लेकर विपक्ष ने हंगामा कर दिया। बीजेपी विधायक वेल में आ गए और लाल डायरियां लहराने लगे। थोड़ी देर तक हंगामे के बीच विधानसभा की कार्यवाही जारी रही इस बीच, शोर-शराबा बढ़ने पर एक घंटे के लिए दोबारा रोक दी गई। अब विधानसभा की कार्यवाही साढ़े तीन बजे शुरू होगी। वहीं, हंगामे के बीच विधानसभा में तीन बिल पारित हुए। दोपहर 2 बजे विधानसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो ÈÈÈविधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष के सदस्य अपने हाथों में लाल डायरियां लिए हुए थे और वेल में आकर शोर-शराबा करने लगे।

## भारतीय रॉकेट पीएसएलवी 30 को सिंगापुर के सात उपग्रहों के साथ भरेगा उड़ान

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सोमवार शाम से प्रक्षेपण देखने के इच्छुक लोगों का पंजीकरण शुरू करेगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, पीएएसएलवी-सी56 कोड वाला पीएसएलवी रॉकेट मुख्य रूप से लगभग 360 किलोग्राम वजनी सिंगापुर के डीएस-एसएआर उपग्रह को ले जाएगा। अन्य छह छोटे उपग्रह




वीईएलओएक स-एएम, एआरसीएडीई, एससीओओबी-दो, नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर से हैं; एनयूएलआईओएन, एनयू स्पेश पीटीई लिमिटेड, सिंगापुर से संबंधित है, गैलासिया-2, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर से और ओरआरबी-12 एसटीआरआईडीईआर एलिना पीटीई, लिमिटेड, सिंगापुर है। इसरो ने कहा कि पीएसएलवी-सी56 रॉकेट को प्रारंभिक उड़ान चरण के दौरान अतिरिक्त जोर देने के लिए अतिरिक्त स्ट्रैप-ऑन मोटर्स के बिना इसके कोर-अलोन मोड में कॉन्फ़िगर किया गया है।

### केजरीवाल सरकार को फटकार

# विज्ञापन पर 1000 करोड़ खर्चे, आरआरटीएस के लिए दो महीने में 415 करोड़ दें- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार को दो महीने के अंदर 'रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम' (आरआरटीएस) के लिए 415 करोड़ रुपये देने का निर्देश दिया है। जस्टिस एसके कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले तीन वर्षों में विज्ञापनों पर 1,000 करोड़ रुपये खर्च कर सकती है, तो निश्चित तौर पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को भी वित्त पोषित किया जा सकता है। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने आरआरटीएस परियोजना के लिए धन देने में





असमर्थता व्यक्त की थी, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने उसे पिछले तीन वर्षों में विज्ञापनों पर खर्च किए गए धन को रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया था।

#### पिछली सुनवाई में दिल्ली सरकार से मांगा था खर्च का ब्योरा

दिल्ली में आरआरटीएस के निर्माण से दिल्ली का राजस्थान और हरियाणा से सड़क मार्ग से संपर्क आसान हो जाता। हालांकि, इसके लिए दिल्ली सरकार ने फंड्स मुहैया नहीं कराए। पिछली सुनवाई में दिल्ली सरकार के वकील ने दो जजों की बेंच को बताया कि धन की कमी है और वित्तीय मदद करने में असमर्थता व्यक्त की थी। इस पर जस्टिस एसके कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने आप सरकार को निर्देश दिया था कि वह दो हफ्ते के अंदर फंड्स की गणना की जानकारी के साथ एफिडेविट मुहैया कराएं। पीठ ने कहा था कि दिल्ली सरकार ने 'कॉमन प्रोजेक्ट' के लिए कोष देने में असमर्थता जताई है। चूंकि इस परियोजना में धन की कमी एक बाधा है। इसलिए हम दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से एक हलफनामा दाखिल करने को कहते हैं, जिसमें विज्ञापन के लिए खर्च किए गए धन का ब्योरा दिया जाए क्योंकि यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है।

### हिंसा की मार, खौफ में लोग छोड़ रहे घर-बार...

# मणिपुर के पड़ोसी राज्यों से भी पलायन!

**कोहिमा।** मणिपुर मेकुकी समुदाय की दो महिलाओं के साथ बर्बरता के बाद से हालात पहले से ज्यादा तनावपूर्ण हो गए हैं. इस घटना के बाद से कुकी और मैतेई



दोनों समुदायों के बीच नफरती आग तेज हो गई है। राज्य हिंसा की आग में झुलस रहा है. जिस वजह से राज्य के बाहर रह रहे लोगों में भी खौफ बना हुआ है. ताजा मामला मिजोरम का है, जहां रह रहे मैतेई समुदाय के लोग भागने को मजबूर हो गए हैं. लोग अपने घर-बार छोड़कर जान बचाने की जद्दोजहद में लगे हैं.

# प्रेस वार्ता कर आंकड़ों के साथ भाजपा ने बताया कांग्रेस सरकार ने 229 करोड़ का गोबर घोटाला किया

* प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किया चारा घोटाला से भी बड़ा,गोबर घोटाला-सौरभ सिंह

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुर।

भारतीय जनता पार्टी रायपुर संभाग प्रभारी एवं विधायक सौरभ सिंह ने सोमवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने गौठान बनाया और गोबर खरीदी की। गोबर की खरीदी जब सरकार करती है तो वह सरकार की संपत्ति हो जाती है। गोबर का उपयोग वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने के लिए किया जाता है। गोबर खरीदी को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने इस विषय को गंभीरता से उठाया भी था जिसमें उन्होंने गौठान निर्माण एवं गोबर खरीदी को लेकर प्रदेश सरकार से सवाल किया था। सिंह ने कहा कि गोबर खरीदी में कैसे भ्रष्टाचार हुआ है या प्रदेश सरकार के आंकड़ों से पता चल रहा है। यह आंकड़ा मुख्यमंत्री से लेकर जनसंपर्क विभाग तक को भी मालूम है। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत प्रदेश सरकार ने 246 करोड़ रुपए की गोबर खरीदी की तो यह गोबर सरकारी संपत्ति हो गया क्योंकि गोधन न्याय योजना में सरकार का पैसा लगाए बजट का पैसा लगा है। भाजपा संभाग प्रभारी एवं विधायक सिंह ने प्रदेश सरकार से सवाल किया कि जब 246 करोड़ का गोबर प्रदेश सरकार ने खरीदा तो खरीदे गए गोबर का क्या बना कर बेचा और उसकी कितनी कीमत मिली। जिसके जवाब में प्रदेश सरकार के मंत्री का जवाब आया कि हमने 86 लाख रुपए का ही सामान बेचा है और इसके बारे में भाजपा ने हिसाब लगाया तो 17 करोड़ रुपए की बिक्री का तथ्य सामने आया। प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया जवाब ही गलत है। सिंह ने कहा कि अगर हिसाब लगाया जाए तो 246 करोड रुपए में से 17 करोड़ रुपए घटा दें तो 229 करोड़ रूपए बचता हैए जिसका हिसाब प्रदेश सरकार के पास नहीं है। गोबर खरीदी करने के बाद उसको वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर या पेंट बनाकर बेचा गया तो उसका वैल्यू ऑडिशन किया गया। दो रुपए किलो में गोबर खरीदने के बाद उसको 10 रुपए किलो की दर से वर्मी कंपोस्ट बनाकर बेचते हैं। 10 रुपए किलो की दर से वर्मी कंपोस्ट खाद बेच रहे हैं तो उसके बाद भी टोटल रिलाइजेशन हो रहा है, वह केवल 17 करोड़ रुपए का हो रहा है। तो 229 करोड रुपए कहां गया। वह गोबर है कहां, अगर आपने 229 करोड़ रुपए का सामान नहीं बेचा तो निर्मित सामान कहां-कहां पर है। किस-किस गौठान में हैं। कितना पेंट स्टॉक है। यह प्रदेश सरकार को बताना चाहिए। लेकिन इसका जवाब भी प्रदेश सरकार के मंत्री नहीं दे पा रहे हैं। भाजपा रायपुर संभाग प्रभारी व विधायक सिंह ने कहा कि इससे साफ-साफ पता चलता है कि प्रदेश सरकार के पास 229 करोड़ रुपए का कोई हिसाब नहीं है। यह गंभीरता के लिहाज से चारा घोटाले से भी बड़ा घोटाला है। विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि गौठान समिति के माध्यम से गोबर की खरीदी की जाती है। पहले गोठान समिति का अध्यक्ष ग्राम पंचायत से होता था जिसे बाद में प्रभारी मंत्री को अध्यक्ष बनाने का अधिकार दिया गया। जिसमें कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को ही गौठान समिति का अध्यक्ष बनाया गया। जिसमें उनके द्वारा उटपटांग ढंग से गोबर की खरीदी की गई। सिंह ने बताया कि एक परिवार की तीन महिलाओं ने 282 लाख किलो गोबर बेचा। ऐसे कई उदाहरण हैं। गोबर खरीदी को लेकर जो आंकड़े बताये जा रहे हैं जहां-जहां गोबर खरीदी की जो मात्रा बताई जा रही है। वहां तो गोबर रखने तक की व्यवस्था नहीं है।




## वर्मी कंपोस्ट खाद खरीदने मजबूर कर किसानों को लूटा जा रहा

उतना स्टॉक ही नहीं बना है जितना यह लोग गोबर खरीदी का दावा करते हैं। सिंह ने दो टूक आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार ने 229 करोड़ रुपए का गोबर घोटाला किया है। गोठान समितियों ने सेवा सहकारी समितियों से कहा कि उपरोक्त गौठान में किस मात्रा में वर्मी कंपोस्ट खाद बना है उसका भुगतान कर दो। भुगतान एडवांस हो गया सेवा सहकारी समिति किसानों की समिति है। गौठान समिति ने जितनी मात्रा में भुगतान किया। उतनी मात्रा में वर्मी कंपोस्ट खाद लाकर जमा नहीं किया। इससे पता चलता है कि या तो गोबर खरीदा नहीं गया या फिर वर्मी कंपोस्ट खाद बना ही नहीं। प्रदेश के किसानों को जबरदस्ती वर्मी कंपोस्ट खाद खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। जब किसान वर्मी कंपोस्ट खाद खरीदेंगे तब उन्हें रासायनिक खाद देंगे। किसान वर्मी कंपोस्ट खाद नहीं ले रहे हैं तो उनके ऊपर दबाव बनाया जा रहा है कि आपको वर्मी कंपोस्ट खाद खरीदना ही पड़ेगा। फ र्टीलाइजेशन एक्ट के तहत सोसाइटियों से जो खाद बेच रहे हैं उसमें आपको बताना होगा कि उन खादों में कौन-सा केमिकल है कितना प्रतिशत इसमें नाईट्रोजन है कितना प्रतिशत इसमें फास्फोरस है और कितना प्रतिशत इसमें पोटेशियम है जिसे सरकार बता नहीं पा रही है। भाजपा रायपुर संभाग प्रभारी एवं विधायक सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बनाए जा रहे वर्मी कंपोस्ट खाद की कोई क्वालिटी नहीं है। 246 करोड़ रुपए भुगतान करने के बाद केवल 17 करोड़ रूपए का सामान प्रदेश सरकार ने बेचा है बाकी 229 करोड़ रुपए का हिसाब प्रदेश सरकार नहीं दे पा रही है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी में 229 करोड़ रुपए का घोटाला किया है। प्रेस वार्ता में भाजपा मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी माजूद रहे।

# एक नजर

## यू दृट्यूब चैनल्स के इन्पैनलमेंट के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

आवेदन की अंतिम तिथि 3 अगस्त निर्धारित

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जनसंपर्क संचालनालय रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य एवं राज्य के बाहर के पात्र यू-ट्यूब चैनल्स को इम्पैनलमेंट किए जाने के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 3 अगस्त 2023 निर्धारित है। यूट्यूब चैनलों के इम्पैनलमेंट हेतु जनसंपर्क संचालनालय स्तर पर आयुक्त संचालक द्वारा अपर संचालक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी। इस समिति की अनुशंसा पर आयुक्त संचालक द्वारा इम्पैनलमेंट की कार्यवाही की जाएगी। इम्पैनलमेंट की अवधि एक वर्ष की होगी। जिसका नियमित अंतराल पर पुनः समीक्षा करने का अधिकार समिति का होगा।

### तीन श्रेणियों में किया जाएगा इम्पैलनमेंट

यूट्यूब चैनलों का इम्पैनलमेंट तीन श्रेणियों ए, बी एवं सी में किया जाएगा। श्रेणी में इम्पैनलमेंट हेतु न्यूनतम 30 लाख सब्सक्राईबर होना अनिवार्य हैं। ए, श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य से संचालित एवं राज्य के बाहर से संचालित न्यूज एवं करेंट अफेयर चैनलों का इम्पैनलमेंट किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के बाहर से संचालित न्यूज चैनलों के इम्पैनलमेंट हेतु उनका छत्तीसगढ़ में लोकप्रिय होना अनिवार्य है। बी, श्रेणी के अंतर्गत न्यूज एवं करेंट अफेयर्स से संबंधित यूट्यूब चैनलों को छोड़कर छत्तीसगढ़ से संचालित मनोरंजन, ट्रैवल, फूड, शिक्षा, संस्कृति, लोक कला एवं अन्य विषयों से संबंधित यूट्यूब चैनलों का इम्पैनलमेंट किया जाएगा। बी, श्रेणी में इम्पैनलमेंट हेतु न्यूनतम 50 हजार सब्सक्राईबर होना अनिवार्य है। सी, श्रेणी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ से संचालित न्यूज एवं करेंट अफेयर्स से संबंधित यूट्यूब चैनलों का इम्पैनलमेंट किया जाएगा। सी, श्रेणी में इम्पैनलमेंट हेतु यूट्यूब चैनल का न्यूनतम 10 हजार सब्सक्राईबर होना अनिवार्य है।

### विस्तृत नियम एवं शर्तें वेबसाईट पर उपलब्ध

इम्पैनलमेंट के लिए विस्तृत नियम एवं शर्तें जनसम्पर्क संचालनालय की वेबसाईट में अवलोकन किया जा सकता है। ऑन लाईन आवेदन पत्र के संबंध में किसी प्रकार के संशोधन की सूचना उक्त वेबसाईट में ही प्रदर्शित की जायेगी।

## अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी

बुजुर्ग पारवती को जनदर्शन में मिला अन्त्योदय राशन कार्ड

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनदर्शन की समस्याएं एवं मांग सुनी। जनदर्शन में जिन समस्याओं और मांग के लिए पत्र प्राप्त हुए उनमें सचिव को हटाने, जाति, निवास, आय प्रमाण बनाने, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत सामग्री वितरण की बकाया राशि का भुगतान करने, पानी की निकासी व्यवस्था के लिएए प्रधान पाठक की शिकायत, पीएम आवास, सचिव द्वारा की गई अनियमितता की शिकायत, पानी टंकी निर्माण, रिकार्ड दुरूस्ती, सरपंच सचिव को निलंबित करने, पुलिस के कार्यप्रणाली की शिकायत, एकल राशन कार्ड, प्राथमिकता से अन्त्योदय राशन कार्ड और एपीएल से बीपीएल राशन कार्ड बनाने, विधवा निराश्रित पेंशन, गली में अवैध सामग्री को हटाने, बिजली करंट से गाय की मृत्यु पर मुआवजा, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन सहित अन्य स्वत्वों की भुगतान, फसल नुकसान करने वालों के विरूद्ध शिकायत, शिक्षक व्यवस्था, मछली पालन के लिए 10 वषीय पट्टा, विद्युत खम्भा, एरियर्स भुगतान, निःशक्त प्रोत्साहन राशि दिलाने और चिकित्सक द्वारा सेवा के लिए दी गई आवेदन शामिल है। बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम दुरूग की बुजुर्ग महिला पारवती यादव पति फिरतुराम ने प्राथमिकता राशन कार्ड को अन्त्योदय राशन कार्ड बनाने के लिए जनदर्शन में आवेदन दी। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने कलेक्टोरेट के खाद्य शाखा से तत्काल बनवाकर हितग्राही पारवती को अन्त्योदय राशन कार्ड प्रदान की।



# रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा किया गया कई स्थानों पर पौधरोपण

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।







रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा नगर के आसपास के कई विद्यालयों में पौधरोपण किया गया। जिसमें हाई स्कूल चांदमारी, मूक बधिर विद्यालय उम्मीद और प्राथमिक व माध्यमिक शाला उर्दना आदि प्रमुख हैं। रामदास द्रौपदी फ उंडेशन द्वारा उपरोक्त स्थानों पर वृहद पौधरोपण किया गया। इस वृहद पौधरोपण कार्यक्रमों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पौधों को बचाने की शपथ भी दिलाई गयी।

### हाई स्कूल चांदमारी के पौधरोपण कार्य म में इनकी उपस्थिति

नगर के चांदमारी हाई स्कूल में गत दिनों रामदास द्रौपदी फ उंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास के हाथों पौधरोपण किया गया। उसके पश्चात् उन्होंने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण में योगदान हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर लायंस क्लब से आनंद बेरीवाल, संजय अग्रवाल कार्ड, विनोद अग्रवाल अजन्ता, शिव शंकर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल ओमी, आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर के पत्रकार शेख ताजिम, समाजसेवी मुबशीर हुसैन, वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद रूकमणी साहू, सहित विद्यालय परिवार से प्रभारी प्राचार्य अर्चना स्वर्णकार, डॉ.मनीषा त्रिपाठी, प्रेमलता चंदेल, मुकेश मेहर, भावना दुबे, कुमुदनी सिदार, देव कुमार पैंकरा, राकेश कुमार यादव, रूपेश कुमार मेहर, भरतलाल नामदेव, पुनीराम चौहान, निराकार पटेल, नंदकुमार पटेल, इरयल टोप्पो, सरोज बाला मिश्रा, कपूर कांति भगत, सन्नी खाण्डे आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।



### मूक बधिर विद्यालय उम्मीद परिसर में हुआ पौधरोपण

पहाड़ मंदिर के पास संचालित मूक बधिर विद्यालय उम्मीद परिसर में रामदास द्रौपदी फ उंडेशन द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक सिद्धांत शंकर मोहंती, ज्योति यादव, विक्रम पण्डा, किरण कुजुर, गौरी शंकर पटेल,लता मेहर, अमित भोय, राजेश यादव, लुकेश सिदार,सुमित यादव, कमल निषाद, राकेश चौहान आदि उपस्थित रहे। वहीं फ उंडेशन के पौधरोपण कार्य का संचालन कर रहे राम नंदन यादव के द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर एक सभा भी आयोजित की गई। जिसमें संचालक सिद्धांत शंकर मोहंती ने फाउंडेशन के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### प्राथमिक व माध्यमिक शाला उर्दना परिसर में भी हुआ पौधरोपण

फाउंडेशन द्वारा उर्दना के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय में पौधरोपण किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानपाठक व शिक्षक-शिक्षिका गण सहित बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राधानपाठक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा पूरा जीवन चक्र इन पेड़ पौधों के इर्द गिर्द ही घूम रहा है।

परमात्मा द्वारा बनाए गए पारिस्थितिक तंत्र में मिट्टी ही वह आधार है और इस आधार के कारण ही हमारा जीवन व पारिस्थितिक तंत्र बना है। जिसे सुरक्षित रखने में पेड़ पौधों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए हमें पेड़ों को अधिक से अधिक लगाना चाहिए और उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कोरबा** । बांगो हाइवे पर तेजरफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक में एक ही परिवार के तीन लोग सवार थे, जिसमें एक की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार हादसा कटघोरा.अंबिकापुर हाइवे पर रविवार की दोपहर हुई। पोड़ी.उपरोड़ा विकासखंड के लालपुर गांव निवासी विनोद कुमार अपने पिता राधेलाल व भांजे नितेश को बाइक पर बैठाकर चोटिया जा रहा था। बाइक विनोद चला रहा था। उसी दौरान परला बांगो के पास हाइवे से गुजर रहे तेजरफ्तार पिकअप के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे चपेट में ले लिया। जिससे बाइक समेत वे तीनों हाइवे पर फेंका गए। हेलमेट नहीं पहने होने से विनोद को सिर पर गंभीर चोट लगी, जिस कारण से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका पिता और भाजा घायल हो गए।

# पूण्यतिथी पर स्व. बिसाहू दास को श्रद्धांजली देने कोरबा पहुंचे कांग्रेसी नेता

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।





छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री, फ्रीडम फाइटर, कर्मठ जन नेता के नाम से विख्यात छत्तीसगढ़ माटी के सपूत स्व. बिसाहू दास महंत की 45 वीं पुण्य तिथि 23 जुलाई रविवार को प्रदेश सहित विशेष रूप से 3 जिलों शक्ति, जांजगीर चांपा और कोरबा मे उनकी प्रतिमाओं पर फू ल माला चढ़ाकर एवं कबीर भजन संगीत के साथ बड़े उल्लास के साथ मनाई गई। स्व. बिसाहू दास महंत को छत्तीसगढ़ राज्य की परिकल्पना के साथ साथ समूचे प्रदेश के विकास के लिए उनके अमूल्य योगदान से जाना जाता है, यही वजह है कि उन्हें पूरा छ.ग. प्रदेश याद करता है। कोरबा शहर में उनकी बड़ी आदमकद प्रतिमा की पूजा अर्चना कर डॉ. महंत का काफ़िला मेडिकल कालेज दाखिल हुआ जहां कालेज परिसर मे स्व. बी.डी. महंत की न्यू प्रतिमा का अनावरण लोकप्रिय सांसद ज्योत्सना महंत एवं डॉ. चरणदास महंत ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की गरीब जनता के उत्थान का बीड़ा उठाने वाले मानवता के पुजारी स्वतंत्रता सेनानी मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री स्व. बिसाहू दास महंत ने छ.ग. में सिंचाई और सड़क अधो संरचना के विकास हेतु अदितीय योगदान दिया। उद्बोधन के दौरान भावुक होते हुए डॉ. महंत ने कहा कि मैं ऐसे कर्मयोगी पिता की संतान के रूप मे बार-बार जन्म लेना चाहूंगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की गरीब जनता के हित में किए पिता के अधूरे स्वप्नों को पूरा करने का संकल्प लिया। काफिले मे रायगढ़ से डॉ. महंत के बेहद करीबी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, छ.ग. खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के डॉयरेक्टर जगदीश मेहर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष रॉय व जिला कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता हरेराम तिवारी सहित प्रदेश भर से कांग्रेसी नेताओं की बढ़चढ़ कर उपस्थिति रही। श्रद्धांजली सभा के पश्चात शायं डॉ. महंत का काफिला रायपुर राजधानी के लिए रवाना हो गया।

# जिला चिकित्सालय के घोटालेबाजों को बचाना कांग्रेस और विधायक को पड़ेगा भारी-भाजपा

भाजपाईयों ने 2018 में कांग्रेस द्वारा जारी किये गए जनघोषणा पत्र की प्रतियां जला कर अपना कड़ा विरोध जताया

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।






## एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में भाजपाईयों के निशाने पर रहे विधायक विनय भगत

कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता से 36 झूठे वायदे करके,छल किया है। इसकी सजा,प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस को आने वाले विधानसभा चुनाव जनता सजा जरूर देगी। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विष्णुदेव साय ने कही। वे जिला मुख्यालय जशपुर में आयोजित विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय धरना में जुटे लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में चुनावी मोड में आ चुके भाजपा के नेताओं ने प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार के साथ स्थानीय विधायक विनय भगत पर तीखा आक्रमण किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत जशपुर की अध्यक्ष रायमुनि भगत ने कहा कि जशपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह से ठप हो चुका है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जशपुर विधानसभा की जनता पेंशन,राशनकार्ड जैसी छोटी छोटी समस्याओं के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहें हैं। लेकिनएविधायक विनय भगत को नाचने से फुर्सत नहीं है। उन्होनें कहा कि जशपुर विधानसभा में जमीन की गड़बड़ी के मामले लगातार सामने आ रहें हैं। इससे सबसे अधिक आदिवासी और पहाड़ी कोरवा प्रभावित हो रहें हैं। लेकिन,जशपुर विधायक ने इस पूरे मामले में चुप्पी साध रखी है। उन्होनें आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को अपनी उपलब्धि बता कर,प्रदेश सरकार और विधायक,झूठी वाहवाही लूट रहे हैं। पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विधायक विनय भगत को घेरते हुए कहा कि जनता के स्वास्थ्य के लिए केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए 12 करोड़ रूपए का बंदरबांट हो गया। जांच में स्वास्थ्य घोटाले की पुष्टि भी हो गई। लेकिनएकार्रवाई के नाम पर दोषियों को कुछ दिनों के लिए निलंबित करके,पुनः जिला चिकित्सालय में सरकार ने पदस्थ कर दिया है। यह सब किसके इशारे पर हो रहा है। उन्होनें चेतावनी देते हुए कहा कि जशपुर की शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने की जो कोशिश की जा रही है। इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 80 और 90 के दशक में जिस प्रकार अधिकारियों को बंधक बना लिये जाने की घटनाएं हुआ करती थी। वह स्थिति फिर से बन सकती है। यह स्थिति आम जनता के साथ प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भी बेहद चुनौतीपूर्ण बन जाएगी। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि जशपुर विधानसभा,कांग्रेस के पांच साल के शासनकाल में 30 साल पीछे चला गया। विधायक विनय भगत,अपनी जिम्मेदारी निभाने की जगह,लोगों का मनोरंजन करके,मुद्दे से भटकाने की कोशिश कर रहें हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक की शह पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने का गोरखधंधा तेजी से फलफूल रहा है। जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के पांच साल के शासनकाल में उसका असली चेहरा सामने आ चुका है। झूठे वायदे करने वाली सरकार,अब अपने सामने खड़ी हुई हार को देख कर एक बार फिर बिदाई की बेला में झूठी घोषणाएं करके लोगों को बरगलाने को कोशिश कर रही है। लेकिन,जनता असलियत को जान चुकी है। अब वह बहकावे में नहीं आएगी। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ के युवाओं के साथ जो छल किया है वह अक्षम्य है। बेरोजगारी भत्ता के नाम पर जो नियम और शर्तो का पहाड़ लादा गया है। वह बेरोजगारी से जूझ रहे युवा वर्ग के साथ क्रूर मजाक से कम नहीं है। इसकी भारी कीमत कांग्रेस को चुकानी होगी। धरना प्रदर्शन के दौरान,भाजपाईयों ने विधानसभा चुनाव 2018 के लिए कांग्रेस द्वारा जारी किये गए जनघोषणा पत्र की प्रतियां जला कर अपना कड़ा विरोध जताया। भाजपाईयों ने कहा कि कांग्रेस ने झूठ का पुलंदा जारी कर,मतदाताओं को भ्रमित किया और सत्ता हथियाया है।

धरना को विधानसभा प्रभारी रमन अग्रवालए डीडीसी लालदेव भगतए गोविंद भगतए शारदा प्रधानए विजय आदित्य सिंह जूदेवए राजकपूर भगतए देवधन नायकए कृपा शंकर भगतए दीपक गुप्ताए ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा ने किया।

इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदेए जिला महामंत्री मुकेश शर्माए नगरपालिका उपाध्यक्ष राजू गुप्ताए गोपाल रायए सुरेश राम भगतए देवेंद्र गुप्ताए रजनी प्रधानए रूपेश सोनीए नितिन रायए शरद चौरसियाए विक्रांत सिंहए संतोष सिंहए संजीव ओझाए सावित्री सिंहए अरविंद भगतए सज्जु खानए मुकेश सोनीए विकास सोनीए आकाश गुप्ताए दीपक अंधारेए राधेश्याम रामए गंगा राम भगतए राजा सोनीए आशु रायए सुषमा सिंहए सावित्री सिंहए शोभापति दीवानए अभिषेक मिश्राए राहुल गुप्ताए अभ्युदय मिश्राए ऋत्विक जैनए रिशु केसरीए गुड्डु सिन्हाए अभिषेक गुप्ताए नीतू गुप्ताए सावित्री निकुंजए बेंजामिन कुजूर सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रोजगार मेला सप्ताह हुआ शुरू, 5 दिनों में 850 से अधिक पदों पर ली जाएगी भर्तियां

## पहले दिन 47 का हुआ सलेक्शन, 14 किए गए शॉर्टलिस्ट

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





जिले के स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा लगातार रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में आज जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 24 जुलाई से रोजगार मेला सप्ताह की शुरुआत हुई। जो आगामी 28 जुलाई तक चलेगा। जिसमें जिले के विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग साढ़े आठ सौ से अधिक पदों पर भर्ती की जायेगी। जहां जिले के रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल में रजिस्टर्ड आवेदक अपने योग्यतानुसार उद्योगों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। पहले दिन तकनीकी श्रेणी पर भर्तियां ली गईं जिनमें 47 कैंडिडेट का सिलेक्शन हुआ और 14 आवेदकों को शॉर्टलिस्ट कर चयन की आगे की प्रक्रिया जारी है, जो जल्द पूरी कर ली जाएगी।

आयोजित रोजगार मेले में साक्षात्कार के लिए पहुंचे लैलूंगा ब्लॉक के दौलत राम सिदार ने बताया कि रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल के माध्यम से उन्हें रोजगार मेला के संबंध में जानकारी मिली हैं। यहां पंजीकृत शिक्षित युवाओं के लिए आज से रोजगार मेला प्रारंभ हो रहा हैं। यह अच्छा प्लेटफार्म है, जहां रोजगार प्राप्त होने के साथ स्किल डेवलपमेंट भी होगा। रोजगार मेला में पहुंचे छोटे हरदी के बाल कृष्ण गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली एवं क्यूआर कोड स्कैन कर रजिस्टर करने के पश्चात आज उन्हें इंटरव्यू के लिए बुलाया गया हैं। उन्होंने बताया कि उनका इंटरव्यू अच्छा गया है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला के माध्यम से आप यहां किसी भी कंपनी में इंटरव्यू दे सकते हैं, प्लेसमेंट के लिए जिला प्रशासन की अच्छी पहल हैं। रायगढ़ निवासी श्री नवीन डनसेना ने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से रोजगार मेला के बारे में जानकारी मिलीए यहां 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण अभ्यार्थियों के लिए भी रोजगार हैं। अलग अलग श्रेणी की वेकेंसी यहां हैंए जहां अभ्यर्थी अपने पसंद और क्वालिफिकेशन से इंटरव्यू देकर जॉब प्राप्त कर सकते है।

पहले दिन 47 का हुआ सलेक्शन,14 किए गए शॉर्टलिस्ट

रोजगार मेला सप्ताह के पहले दिन तकनीकी श्रेणी के पद पर भर्ती के लिए इंटरव्यू लिए गए। प्रथम दिवस पर 47 आवेदकों को जॉब ऑफर किए गए और 14 को शॉर्टलिस्ट कर चयन की आगे की कार्यवाही की जा रही है,जिसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

### रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल से आवेदन कर सीधे इंटरव्यू में हुए शामिल

रोजगार मेला सप्ताह में आवेदन के लिए कलेक्टर श्री सिन्हा के मार्गदर्शन में एक विशेष ऑनलाइन प्लेटफॉर्म रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल तैयार किया गया। जिसमें आवेदकों को रजिस्ट्रेशन कर अपनी जानकारी और उपलब्ध वेकेंसी के आधार पर सीधे अप्लाई करने का विकल्प मिला। जिससे रोजगार मेले के दिन वे आयोजन स्थल पर पहुंचकर सीधे इंटरव्यू में शामिल हुए। उन्हें रजिस्ट्रेशन के लिए अतिरिक्त समय नहीं देना पड़ा।

### 28 जुलाई तक हर दिन लगेगा रोजगार मेला

जिला रोजगार अधिकारी श्री रामजीत राम ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल रोजगार मितान पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों के लिए 24 से 28 जुलाई 2023 तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में रोजगार मेला सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए जिले के विभिन्न कंपनियों से उनकी रिक्तियों की जानकारी लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई। अलग अलग श्रेणियों की जॉब में भर्ती के लिए अलग दिन निर्धारित किए गए। जिससे आवेदकों को सुविधा हो और पूरी प्रक्रिया सुगमतापूर्वक संपन्न हो।

25 जुलाई को विभिन्न तकनीकी पदों पर होगी भर्ती

रोजगार मेला सप्ताह के दौरान 25 जुलाई को तकनीकी पदों पर भर्तियां की जायेंगी। रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री रूपनाधाम स्टील प्राण्लिमिटेड सराईपाली रायगढ़ में एचआर एक्जीक्यूटिव, एचआर अस्सिटेन्ट, स्टोर स्टॉफ/ऑफिस ब्वाय, सीनियर इंजीनियर, इलेक्ट्रिक्ल, बॉयलर ऑपरेटर, शिफ्ट इंचार्ज, फायर एण्ड सेफ्टी अस्सिटेन्ट के पद शामिल है। इसी तरह जेपीएल तमनार में ओवरमेन, माइनिंग सरदार, ड्राफ्टसमेन, इलेक्ट्रीशियन, शिव शक्ति स्टील प्रा.लिमिटेड चक्रधरपुर में इलेक्ट्रीकल ट्रेनी, मैकेनिकल ट्रेनी, प्रोसेस ट्रेनी, एमएसपी स्टील एण्ड पावर लिमिटेड जामगांव में फीटर, इलेक्ट्रीशियन, डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी (डीईटी), डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी(डीईटी),ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (जीईटी), इंजीनियर पैलेट प्रोसेस, अदानी पावर लिमिटेड छोटे भंडार रायगढ़ में अप्रेन्टिस ट्रेनी (इलेक्ट्रीशियन), अप्रेन्टिस ट्रेनी (सिविल), दिनेश इंजीनियरिंग कोतरा रोड में वर्कशॉप हेल्फर (इलेक्ट्रीकल), वर्कशॉप हेल्फर (मैकेनिकल/फीटर), एनआर इस्पात एण्ड पावर लिमिटेड गौरमुड़ी में मैकेनिकल फीटर, इलेक्ट्रीकल फीटर एवं वेल्डर, एनआर व्हीएस स्टील लिमिटेड तराईमाल में मैकेनिकल फीटर, इलेक्ट्रीकल फीटर एवं वेल्डर, मॉ शाकम्बरी स्टील प्रा.लिमिटेड संबलपुरी में फीटर एवं कोल क्रेन ऑपरेटर, बीएस स्पंज प्रा.लिमिटेड तराईमाल गेरवानी में फीटर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिकल इंजीनियर, इलेक्ट्रीकल इंजीनियर, शिफ्ट इंचार्ज एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर भर्तियां ली जाएंगी है।

## एक नजर

### रायगढ़ स्टेडियम बैडमिंटन हाल में प्रशिक्षक चयन हेतु साक्षात्कार 1 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारतीय खेल प्राधिकरण (एसआईए) भोपाल म.प्र.द्वारा जिला रायगढ़ में बैडमिंटन खेल हेतु खेलो इण्डिया लघु केन्द्र की स्वीकृति प्रदाय किया गया है। उक्त खेलों इण्डिया लघु केन्द्र बैडमिंटन हेतु प्रशिक्षक की आवश्यकता है। प्रशिक्षक की नियुक्ति हेतु 1 अगस्त 2023 को दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे तक साक्षात्कार आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि एवं समय पर अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज एवं बैडमिंटन खेल से संबंधित समस्त उपलब्धि प्रमाण-पत्र सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायगढ़ में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है। आवश्यकतानुसार बैडमिंटन खेल के कौशल परीक्षण, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में किसी प्रकार की अनय जानकारी कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण, जिला-रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### एकलव्य विद्यालय में लेटरल एंट्री में प्रवेश हेतु 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटेमुड़पार, विकासखण्ड खरसिया में सीबीएसई पाठ्यक्रम (कक्षा 6 वीं, 7 वीं अंग्रेजी माध्यम, 8 वीं से 12 वीं हिन्दी माध्यम) में शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार रिक्त सीट की पूर्ति हेतु लेटरल एंट्री से प्रवेश लिया जाना है। जिसके लिए 30 जुलाई 2023 शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 3 अगस्त 2023 को दोपहर 12 से 2 बजे के मध्य होगी। परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार रिक्त सीट के लिए वर्गवार 7 वीं 01 बालक, 8 वीं 04 बालक, 9 वीं 02 बालक, 10 वीं 08 बालक, 11 वीं 31 बालक तथा 12 वीं 23 बालक इस तरह कुल 69 सीट के रिक्तियों की पूर्ति की जाएगी।

प्रवेश हेतु चयन परीक्षा इस प्रकार से होगा। जिनमें प्रश्न पत्र 5 खण्डों में होगा। प्रत्येक खण्ड 20-20 वस्तुनिष्ट प्रश्न कुल 100 अंक के होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक होगा। जिसमें अंग्रेजी, हिन्दी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं गणित 20-20 अंक का होगा। प्रश्न पत्र में प्रश्नों का समावेश उत्तीर्ण कक्षा के पाठ्यक्रम से होगा। आवेदक अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। इस संबंध में चयन पश्चात जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र जमा करना होगा। इच्छुक विद्यार्थियों के पालक कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार, विकासखण्ड खरसिया, जिला-रायगढ़ के सूचना पटल पर आवेदन पत्र का प्रारूप का अवलोकन कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय छोटे मुड़पार एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा, रायगढ़ पर संपर्क कर सकते है।

### बरमकेला विकासखंड में पौधरोपण अभियान जारी

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में बीएमओ बरमकेला डॉ. अवधेश पाणिग्राही ने अपने अधीनस्थ सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में 300 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसे अभियान के रूप में शुरू किया गया है। प्रतिदिन स्वास्थ्य केन्द्रों में पौधरोपण किया जा रहा है। बीएमओ बरमकेला कार्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोंदा में नीम, गिलोय, बेल, नीबू और शहतूत का पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अपने विभागीय दायित्वों के निर्वहन के साथ कर रहे हैं। ग्रामीण महिलाएं भी पौधरोपण में अपनी सहभागिता दे रही हैं।

### संविदा भर्ती सभी पात्र अभ्यर्थियों ने आईटीआई सारंगढ़ में कम्प्यूटर कौशल परीक्षा दी

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ द्वारा जिला निर्वाचन एवं विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों के लिए संविदा पर सहायक ग्रेड-3 के 5 पद हेतु सभी 21 पात्र अभ्यर्थियों ने कम्प्यूटर कौशल परीक्षा हेतु 24 जुलाई 2023 को शासकीय आईटीआई सारंगढ़ में सुबह 11 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कौशल परीक्षा में शामिल हुए।

# सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटी पार्लर, मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र के शुभारम्भ से महिलाएं आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनेगी- सुभाष पाण्डेय

वृंदावन प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठपुर में प्रारम्भ किया गया

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।





नगर निगम के बैकुंठपुर वार्ड क्रमांक 16 के ठाकुरदिया मंदिर के समीप वृन्दावन प्रशिक्षण केंद्र द्वारा महिलाओं के लिए निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटी पार्लर, मेंहदी प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ सुभाष पाण्डेय पूर्व सभापति एवं वरिष्ठ पार्षद के द्वारा किया गया उक्त अवसर पर सुभाष पाण्डेय ने उपस्थित महिला समूह को सम्बोधित करते हुवे कहा की प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी एवं उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी वार्डों में संस्था को चलानी चाहिए जिसके लिए जनप्रतिनिधि का सहयोग भी आवश्यक है वृन्दावन प्रशिक्षण के जुड़ी हुई महिलाओं के प्रयासों की प्रशंसा की उक्त अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की संयोजिका संगीता यादव प्रशिक्षिका संतोषी गुप्ता, ममता यादव, नीता मिश्रा, भानु गुप्ता, विनीता पाढ़ी, भारती पाढ़ी, पूजा यादव, दीनू यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# रेंगोला के आश्रित ग्रामों में कुपोषित बच्चों को दूध, अंडा एवं फल वितरण किया

* सरपंच, सचिव ने कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने दे रहे अपना पूरा सहयोग

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने, 0.5 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने, जनभागीदारी को बढ़ावा देने और एनिमिया मुक्त अभियान को सफल बनाने सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। कुपोषण स्तर में कमी एवं बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का गठन किया गया है जो स्वास्थ्य जागरूकता में सुधार और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समुदाय की पहुंच, विशिष्ट स्थानीय जरूरतों को पूरा करने और समुदाय आधारित योजना और निगरानी के लिए एक तंत्र के रूप में कार्य करने का एक मंच है। जो गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए बना मददगार साबित हो रहा है। कुपोषण को दूर करने के अधिकारियों द्वारा अपने चिन्हाकित गांव में जाकर सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधियों, पर्यवेक्षक, एएनएम, मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थित में सुपोषण चौपाल लगाकर बच्चों के पालकों को जागरूक किया जा रहा है। जिसमें सरपंच, पंच, स्थानीय प्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभा रहे है। जिले के ग्राम पंचायतों में ग्राम स्वच्छता समिति का माह में एक बार बैठक आयोजित कर आंगनबाड़ी केन्द्र के मरम्मत, साफ-सफ ाई और बच्चों के कुपोषण पर चर्चा की जाती है। इसी कड़ी में जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रेंगोला के आश्रित ग्राम रायकोना, पाटोली, मिनी बंधकोना, मिनी नीचे रायकोन और मिनी सराइटोली के कुपोषित बच्चों को सरपंच, सचिव के द्वारा अंडा, एवं सेव फल वितरण किया है। साथ ही सरपंच, सचिव, स्थानीय वार्ड पंच, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने कुपोषित बच्चों को सुपोषित के श्रेणी में लाने के लिए अपना पूरा सहयोग दे रहे हैं।

# नानबाई पटेल ने ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट में वोटिंग का ट्रायल की

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़ बिलाईगढ़।



मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रदर्शन जिले के राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालयों एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में की जा रही है, जिसमें जिले के आम नागरिकों को ई.व्ही.एम. में अपने मताधिकार के संबंध में जानकारी दी जा रही है। कलेक्ट्रेट में जनदर्शन में आवेदन देने आयी बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम गगोरी की महिला नानबाई पटेल को ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन के बारे में जानकारी दी गई। चुनाव चिन्ह में वोट देने के बारे में जानकारी दी गई। ई.व्ही.एम. मशीनों के जागरूकता कार्यक्रम के तहत कोई भी नागरिक स्वयं ई.व्ही.एम. मशीन का प्रयोग कर मशीन संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते हैं। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर दीपक तिवारी और निर्वाचन के सहायक ग्रेड-3 बृजमोहन जायसवाल उपस्थित थे।

# हिंदू सेना की समीक्षा बैठक डोमनहील सीताराम मंदिर में संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



हिंदू सेना की समीक्षा बैठक डोमनहील सीताराम मंदिर में प्रदेश महासचिव संजू रवि की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया और जिम्मेदारी दी गई सुनील माली जिला एमसीबी जिला अध्यक्ष युवामोर्चा। मनीष कुमार पासवान जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा,पूजा सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा महिला वर्ग, क्रांति कुमार चौहान नगर अध्यक्ष चिरमिरी अनिल कुमार साहू नगर उपाध्यक्ष चिरमिरी, संतोष देवांगन नगर संयोजक चिरमिरी,राजकुमार रावत नगर सचिव चिरमिरी,आशा सिंह नगर उपाध्यक्ष चिरमिरी महिला वर्ग, संध्या महल नगर सचिव चिरमिरी महिला वर्ग विकास कुमार बर्मन अध्यक्ष छोटी बाजार, धनेश्वर कुमार कश्यप वार्ड अध्यक्ष हल्दी वाड़ी, मालती देवी इकाई अध्यक्ष डोमन हिल, निर्मल नाहक इकाई अध्यक्ष कोरिया कालरी, गीता कुम्हार वार्ड अध्यक्ष छोटी बाजार,मनोरमा वार्ड अध्यक्ष छोटी बाजार,चंद्रिका निषाद वार्ड उपाध्यक्ष छोटी बाजार,अनीता सिंह वार्ड अध्यक्ष कोरिया कॉलरी, राजू वार्ड अध्यक्ष डोमन हिल, रामकिशोर गहवई वार्ड अधयक्ष छोटीबाजार ,19 लोगों को पद नियुक्त किया गया इस बैठक में दीपक कलसा की भी उपस्थिति रही और उनका मार्गदर्शन सभी सदस्यों नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिला। संजू रवि एवं दीपक कलसा के द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं बुके और फूल माला पहना कर दी इस बैठक में सुनीता देवांगन जिला उपाध्यक्ष के साथ दीपक तरुण रूबीराय, शोभाचौहान बसंती और भी सदस्य उपसिथत रहें। जैसा की आप लोगों को पता है हिंदू सेना विगत कई वर्षों से हिंदुत्व का कार्य करती आ रही है हिंदू सेना के प्रदेश महासचिव संजू रवि ने कहा की जब तक उनके प्राण में एक भी सांसे हैं हिंदुत्व कार्य करती रहेंगी और हिंदुओं को इसी प्रकार जोड़ती रहेंगी और देश धर्म की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे। तत्पश्चात सभी साथियों के द्वारा जय श्री राम की जय घोष भारत माता की जय के नारो से पूरा वातावरण गूंज उठा।

# शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय में स्वीप अन्तर्गत हुआ मतदाता जागरूकता का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों एवं अन्य कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में एवं प्राचार्य डॉ.एचएन दुबे के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी आनंद कुमार पैंकरा ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय लोकतंत्र में स्वीप कार्यक्रम की भूमिका पर चर्चा करते हुए उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकों का परिचय कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एचएन दुबे ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु आगामी निर्वाचन में अवश्य मतदान करने की अपील की। महाविद्यालय में अर्थशास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ. रश्मि पाण्डेय द्वारा उपस्थित समस्त लोगों को मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। मास्टर ट्रेनर दिग्विजय सिंह, सहायक प्राध्यापक, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु चलाये जा रहे विभिन्न अभियानो, प्रतियोगिताओं आदि की जानकारी देते हुए सभी को मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया गया तथा उन्हें मतदान हेतु उपयोग में लाई जाने वाली आधुनिक मशीनों की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर सीबी मिश्र, सहायक प्राध्यापक, शासकीय रेवतीरमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा ऐसे सभी विद्यार्थियों जिनकी आयु 01 अक्टूबर.2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो रही है। ऐसे विद्यार्थियों को मतदाता सूची में अपना पंजीयन कराने हेतु प्रेरित करते हुए पंजीयन की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया तथा उन्हें वोटर्स पोर्टल एवं वोटर्स हेल्पलाईन एप्प के विषय में जानकारी दी गई एवं विद्यार्थियों को एप्प डाउनलोड कराया गया साथ ही उक्त हेल्पलाईन एप्प के माध्यम से मतदाता सूची में पंजीयन हेतु आवेदन एवं मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि सुधार हेतु आवेदन की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई साथ ही 7, एवं 6 म् के विषय में भी जानकारी सभी से साझा की गई। वोटर हेल्पलाईन नम्बर 1950 के विषय में भी बताया गया तथा सभी से अपील की गई कि आगामी मतदान में वे न केवल स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग करें अपितु अपने परिचित, पड़ोसीए मित्रों एवं परिवारजनों को भी अनिवार्यत: मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें। मिश्र ने अपने व्यक्तव्यो में बताया कि लोकतात्रिक प्रणाली में प्रत्येक मत अमूल्य है।

कई बार केवल एक मत से ही निर्वाचन के परिणाम बदल जाते है अत: यह आवश्यक है कि हम सभी मत का महत्व समझे एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री प्रतिभा कश्यप, दीपचन्द्र एक्का, अनिल चक्रधारी, डॉ.सलीम किस्पोट्टा, डॉ. विकेश झा, डॉ.चदंन कुमार, तुलसीराम राहंगडाले, क्रीडाधिकारी राहुल नीरज एवं कार्यालयीन स्टाफ में से यशवंत सिंह शाक्या,नरेश कुजूर, टमलेश्वर राजवाड़े तथा विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 'नीरजा' में मेरी भूमिका मेरी क्षमता को परखने का मौका है- स्नेहा वाघ



फैमिली ड्रामा 'नीरजा' में प्रोतिमा की भूमिका निभा रहीं टीवी एक्ट्रेस स्नेहा वाघ ने कहा कि यह शो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ और यह एक नई भूमिका में उनकी क्षमता को परखने का अवसर है।

'नीरजाज एक नई पहचान' दिखाती है कि एक मां और सेक्स वर्कर प्रोतिमा कोलकाता के कुख्यात रेड-लाइट जिले सोनागाछी में रहते हुए अपनी बेटी नीरजा के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किस हद तक जा सकती है। किरदार के बारे में बात करते हुए स्नेहा ने कहा, यह शो मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। मैंने इस भूमिका को निभाने का फैसला किया क्योंकि यह एक नई भूमिका में अपनी क्षमता का परीक्षण करने का अवसर है।



## सुहाना खान अब बड़े पर्दे पर देंगी दस्तक, शाहरुख और सिद्धार्थ आनंद संभालेंगे प्रोडक्शन का जिम्मा

*सुहाना खान की पहली फिल्म द आर्चीज अभी रिलीज नहीं हुई कि इससे पहले ही दूसरी फिल्म उनके हाथ लग गई है। इससे भी दिलचस्प बात यह है कि सुहाना की इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम उनके सुपरस्टार पिता शाहरुख खान संभालने वाले हैं। फिल्म का नाम अभी सामने नहीं आया है। इसके जरिए सुहाना सिनेमाघरों में एंट्री करने वाली हैं। शाहरुख इस फिल्म के सह-निर्माता होंगे। वह सिद्धार्थ आनंद के साथ मिलकर यह फिल्म बनाने वाले हैं।*

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख जवान की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। डंकी का शूट जल्द ही खत्म होगा। शाहरुख के प्रशंसक उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानने को बेताब हैं। जानकारी मिली है कि डंकी के बाद शाहरुख, सिद्धार्थ के साथ मिलकर एक फिल्म बनाने वाले हैं। इसका निर्माण उनकी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फलिक्स पिक्चर्स के बैनर तले होगा। हालांकि, पहले खबर थी कि डंकी के बाद शाहरुख टाइगर बनाम पठान का काम शुरू करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख इस साल के अंत में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। पठान के बाद उन्हें दोबारा सिद्धार्थ के साथ काम करने का मौका मिल रहा है। हालांकि, इस बार सिद्धार्थ बतौर निर्माता फिल्म से जुड़े हैं। फिल्म से जुड़ी सबसे खास बात है कि इसके जरिए शाहरुख की बेटी सुहाना की बड़े पर्दे पर एंट्री हो रही है। बाप-बेटी पहली बार किसी फिल्म में साथ आने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। शाहरुख फिल्म में अभिनय भी करेंगे। फिल्म के लिए निर्देशक का चयन हो गया है, लेकिन नाम सामने नहीं आया है। सुहाना के अलावा फिल्म में कई शानदार कलाकार नजर आने वाले है। फिल्म की कास्टिंग प्रक्रिया जारी है। 2024 में यह फिल्म रिलीज होगी। फिल्म से शाहरुख की भूमिका का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन कहा जा रहा है कि उनका किरदार उतना ही होगा, जितना डियर जिंदगी में था।

## बैकलेस बॉडीकॉन गाउन में अवनीत कौर ने ढाया कहर, अपनी कातिलाना अदाओं से छलनी किए दिल

'टीकू वेड्स शेरू' फिल्म में नजर आईं 21 साल की एक्ट्रस अवनीत कौर मोस्ट ग्लैमरस और सिजलिंग एक्ट्रेस में शुमार हैं। अवनीत कौर अपनी हर एक कातिलाना अदाओं से फैंस को मदहोश कर देती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की, जिनमें उनका किलर लुक और हॉट अंदाज देखने लयाक है।

वहीं, फैंस भी उनकी अदाओं को देखकर आहें भरने पर मजबूर हो गए हैं। टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली 21 वर्षीय एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेश अपने हॉट एंड बोल्ड लुक्स के कारण लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं, जिनमें वह कहर बरपाती नजर आ रही हैं। अवनीत ने अपने लेटेस्ट फोटोशूटर से सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी और उनकी ये तस्वीरें चंद मिनटों में ही इंटरनेट पर वायरल हो गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई बैकलेस बॉडीकॉन गाउन में अवनीत कौर की इन तस्वीरों को देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। ब्लू कल के बॉडी हगिंग गाउन में अवनीत कौर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक हॉट एंड सिजलिंग पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। बैकलेस गाउन में अवनीत कौर ने एक से बढ़कर एक किलर एंड हॉट पोज दिए है, जिनमें उनका बोल्ड लुक देख फैंस आहें भरने पर मजबूर हो गए हैं। बैकलेस ड्रेस में एक्ट्रेस अवनीत कौर का डिजाईनिंग टैटू साफ दिखाई दे रहा है, जो उनके लुक और ज्यादा हॉट बना रहा है। अवनीत कौन ने अपने इस लुक को ब्राइट मेकअप और किलर एटीट्यूड के साथ और भी शानदार बनाया। कानों में इयरिंग्स और खुले जुल्फों के साथ अवनीत कौर अपनी किलर अदाओं के साथ फैंस के दिलों को धड़काती दिखाई दे रहीं हैं।



## मैंने प्यार किया की तर्ज पर राजश्री प्रोडक्शंस ने घोषित की नई प्रेम कहानी डोनो




तीन दशक पहले प्रतिष्ठित प्रेम कहानी मैंने प्यार किया बनाने के लिए जाना जाता है, राजश्री प्रोडक्शन जेन नेक्स्ट के लिए मासूम रोमांस के एक और ताज़ा विचार के साथ लौटने के लिए तैयार है। प्रोडक्शन हाउस ने अपने नवीनतम उद्यम की घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जो कि जियो स्टूडियो के सहयोग से है। डोनो नाम की इस फिल्म का निर्देशन अवनीश एस. बड़जात्या द्वारा किए जाने की उम्मीद है, जिन्हें राजश्री की अगली पीढ़ी का निर्देशक माना जाता है। आगामी रोमांटिक ड्रामा के निर्माताओं द्वारा हाल ही में जारी एक बयान में, यह कहा जा रहा था कि फि ल्म का उद्देश्य मासूमियत और रोमांस के युग को वापस लाना है जो 1989 की प्रसिद्ध फिल्म मैंने प्यार किया में मौजूद था, जिसमें सलमान खान और भाग्यश्री थे। बयान में कहा गया है, हिंदी फिल्म उद्योग में अपने 75वें वर्ष को चिह्नित करते हुए, राजश्री प्रोडक्शंस (पी) लिमिटेड ने संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन की अपनी विरासत को आगे बढ़ाया है और अपनी 59वीं फिल्म, एक प्रेम कहानी, जिसका नाम - डोनो है, की घोषणा करके रोमांस को उसके शुद्धतम रूप में वापस लाया है।

राजश्री की अगली पीढ़ी के निर्देशक - अवनीश एस. बड़जात्या द्वारा निर्देशित, डोनो का टीज़र 25 जुलाई को आएगा। यह फिल्म एक ताज़ा प्रेम कहानी होगी जो आपको मैंने प्यार किया के आकर्षण को फिर से देखने पर मजबूर कर देगी।

## दिल को छू रही 'बवाल', फैंस और क्रिटिक्स ने की फिल्म की सराहना



साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित फिल्म 'बवाल' को इसकी दमदार कहानी और आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस के लिए बहुत प्यार मिल रहा है। पुरस्कार विजेता निर्देशक नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपनी मनोरंजक कहानी और वरुण धवन-जान्हवी कपूर के शानदार परफॉर्मेंस के साथ उम्मीदों पर खरी उतरी है।

फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट किया, बवाल दिल को छू लेने वाला है। दंगल, छिछोरे और अब बवाल... इसमें कोई शक नहीं कि नितेश तिवारी शानदार कहानीकार हैं। बवाल में एक अलग कथानक, पटकथा, कई भावनात्मक क्षण और शानदार प्रदर्शन हैं। सीनियर क्रिटिक कोमल नाहटा ने 'बवाल' निर्देशक को 'प्रतिभाशाली' कहते हुए फिल्म की तारीफ की। उन्होंने लिखा: 'दंगल' के बाद, नितेश तिवारी की असाधारण प्रतिभा को किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। 'बवाल' शानदार ढंग से लिखी और बनाई गई फिल्म है, जो अमेजन प्राइम पर उपलब्ध है। उन्हें, उनकी टीम को, वरुण धवन, जान्हवी कपूर, मनोज पाहवा को बधाई।

## कैरी ऑन जट्टा 3 ने रचा इतिहास, पंजाबी फिल्म उद्योग की पहली 100 करोड़ी फिल्म




पिछले दिनों रिलीज हुई फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 दर्शकों को यह फिल्म खूब पसंद आ रही है। फैंस से मिल रहे भरपूर प्यार की बदौलत फिल्म का बॉक्स ऑफि स कलेक्शन 100 करोड़ रुपए को पार कर गया है। यह पहली पंजाबी फिल्म है जो 100 करोड़ी क्लब में शामिल हुई है। मशहूर ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने कैरी ऑन जट्टा 3 के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि कैरी ऑन जट्टा 3 ने इतिहास रच दिया है। दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने बेंचमार्क सेट कर दिया है। फिल्म ने 100 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। स्मीप कांग द्वारा निर्देशित, यह फिल्म भारत में 560 स्क्रीन और 30 से अधिक देशों में 500 स्थानों पर रिलीज की गई। फिल्म को इसके हल्के-फुल्के, मजेदार कंटेंट के लिए पॉजिटिव प्रतिक्रिया मिली है। आपको बता दें कि कैरी ऑन जट्टा सीरीज की ये तीसरी फि ल्म है। फिल्म का पहला भाग साल 2012 में आया था। दूसरा साल 2018 में और अब तीसरा 29 जून 2023 को रिलीज हुआ है।

फिल्म को रिलीज हुए अभी एक महीना भी पूरा नहीं हुआ। लोगों को एक्टर गिप्पी ग्रेवाल और एक्ट्रेस सोनम बाजवा की जोड़ी बहुत पसंद आई। फिल्म में कविता कौशिक, गुरपीत घुग्गी, जसविंदर भल्ला, करमजीत अनमोल की भी खास भूमिकाएं हैं। इस फिल्म की यूएसपी पागलपन और हंसना है, जो हर पंजाबी परिवार में देखा जाता है। पिछले दिनों सलमान खान ने भी फिल्म की तारीफ की थी।

# खेल



**सिराज की शानदार गेंदबाजी**

| ओवर | विकेट | रन | इकोनॉमी |
|---|---|---|---|
| 23.4 | 5 | 60 | 2.53 |

सिराज बोले- फ्लैट पिच पर 5 विकेट लेना आसान नहीं

## ऋषभ के टिप्स काम आए, बैटर ने 33 गेंद पर फिफ्टी लगाई- ईशान

भारत-वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट मैच त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जा रहा है। मैच के चौथे दिन भारत से मोहम्मद सिराज ने फ्लैट पिच पर 5 विकेट लिए, वहीं विकेटकीपर बैटर ईशान किशन ने 33 गेंद पर फिफ्टी लगाई और 52 रन की नॉट आउट पारी खेली। मैच के बाद ईशान ने कहा, वेस्टइंडीज आने से पहले NCA में ऋषभ (पंत) से बातें कीं। उन्होंने मुझे कुछ बैटिंग टिप्स दीं, जिनसे मैं अच्छा परफॉर्म कर सका।

वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, फ्लैट विकेट पर 5 पिच लेना आसान नहीं था। लेकिन बॉल रिवर्स स्विंग हो रही थी, मैंने उसी का फायदा उठाया।

### फ्लैट पिच पर 5 विकेट

फ्लैट पिच पर 5 विकेट लेना इतना आसान नहीं है। मैं अपने फिटनेस ट्रेनर सोहम भाई को थैंक्यू कहना चाहूंगा, उन्हीं की वजह से मेरी फिटनेस इम्प्रूव हुई और मैं लम्बे स्पेल डालने के बाद भी अच्छा परफॉर्म कर सका। बॉल रिवर्स स्विंग हो रही था, मैंने उसका फायदा उठाया, लाइन-लेंथ पकड़ कर बॉलिंग की और मुझे विकेट मिले।

मुझे जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है। सीनियर पेसर्स के बिना तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी मुझ पर रहती है, मैं इसे चैलेंज के रूप में देखता हूं और मुझे चैलेंज लेना पसंद है। इतनी गर्मी, ह्यूमिडिटी और बारिश के बीच पेसर्स के लिए लम्बे स्पेल डालना आसान नहीं है। मैं अपनी बॉडी को वॉर्म-अप रखने की कोशिश करता हूं, जितना हो पाता है उतना सिचुएशन के हिसाब से बॉलिंग करने पर ही ध्यान देता हूं।



**ईशान किशन का पहला अर्धशतक**

| रन | बॉल | 4/6 | स्ट्राइक रेट |
|---|---|---|---|
| 52* | 34 | 4/2 | 152.94 |

### मुकेश को फ्लैट पिच की आदत

*मुकेश नया खिलाड़ी नहीं है। उसने रणजी ट्रॉफी में बहुत मुश्किल पिच पर परफॉर्म कर टीम में जगह बनाई। रणजी में इससे भी ज्यादा फ्लैट विकेट (पिच) रहते हैं, मुकेश ने वहां विकेट लिए हैं। वहां परफॉर्मेंस देना बड़ा अचीवमेंट है। भारत के लिए पहला मैच खेलना, वो भी सीधा टेस्ट मैच, मुश्किल तो रहता है लेकिन वो अपनी लाइन-लेंथ को मैंटेन कर अच्छी बॉलिंग कर रहा है। हमें तो जब भी मौका मिलता है हम उसे (मुकेश को) सताते हैं, उसके बारे में पूछते रहते हैं। दिमाग में यही रहता है कि अपने फास्ट बॉलर के साथ बॉन्डिंग बनाए ताकि वो अपनी चीजें शेयर करें और अपना परफॉर्मेंस खुल कर दे।*

## भारत-वेस्टइंडीज दूसरा टेस्ट...जीत से 8 विकेट दूर टीम इंडिया

विंडीज को 365 रन का टारगेट, टीम ने 76 रन बनाए

भारत और वेस्टइंडीज के बीच पोर्ट ऑफ स्पेन में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। मैच में पांचवें दिन का खेल आज यानी सोमवार शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।

**अश्विन-जडेजा के टेस्ट में 500 विकेट पूरे**




चौथे दिन वेस्टइंडीज को 365 रन का टारगेट मिला। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 2 विकेट पर 76 रन बना लिए। भारत से दोनों विकेट रविचंद्रन अश्विन ने लिए। टीम इंडिया को मैच और सीरीज जीतने के लिए 8 विकेट की जरूरत है। भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई हुई है।

त्रिनिदाद में बुधवार और गुरुवार को बारिश ने खलल डाला। बारिश मैच के आखिरी दिन भी आ सकती है। एक्यूवेदर वेबसाइट के अनुसार, पोर्ट ऑफ स्पेन में सोमवार का टेम्परेचर 24 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। तेज हवा के साथ बारिश की संभावना भी है।

रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने मिलकर 500 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए हैं। यानी दोनों ने साथ में टेस्ट खेलते हुए 500 शिकार कर लिए हैं, इनमें अश्विन ने 274 और जडेजा ने 226 विकेट हासिल किए।

टॉप विकेट-टेकर इंडियन स्पिन जोड़ी की बात करें तो हरभजन सिंह ने अनिल कुंबले के साथ मिलकर सबसे ज्यादा 501 विकेट लिए हैं।

## नेशनल ट्रायल का फाइनल हारते ही स्टेडियम से भागा रेसलर, डोप टेस्ट नहीं दिया



**नई दिल्ली।** रेसलिंग के नेशनल ट्रायल के दौरान नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी के अधिकारियों को सैंपल कलेक्ट करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। क्योंकि कई रेसलर्स ट्रायल हारने के बाद बिना डोप टेस्ट दिए ही चले गए। ताजा मामला रविवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में हुए मेंस रेसलिंग ट्रायल्स में देखने को मिला। 125 KG वेट कैटेगरी का फाइनल हारने वाले रेसलर आशीष बिना डोप टेस्ट दिए ही चले गए। इतना ही नहीं, उन्होंने डोप टेस्ट के फॉर्म पर हस्ताक्षर भी नहीं किए। ऐसे में NADA के अधिकारी खिलाड़ी को फोन करते रह गए, लेकिन पहलवान ने अपना मोबाइल बंद कर दिया। अब NADA संबंधित रेसलर को नोटिस जारी करने की तैयारी कर रहा है।

### सबसे पहले समझते मामला हैं?

आशीष ने 125 चत्र वेट कैटेगरी के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन फाइनल में सुमीत मलिक से हार कर एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई नहीं कर सके।

फाइनल हारने के बाद आशीष डोप टेस्ट दिए बिना ही चले गए। उन्होंने स्टेडियम से जाने की जानकारी न तो नाडा के अधिकारियों दी और न ही ट्रायल ले रहे कर्मचारी को। NADA के अधिकारी उनके मोबाइल पर फोन करते रहे। फाइनल दोपहर करीब 3ः50 बजे खत्म हो गया था, लेकिन 6ः30 बजे तक भी आशीष नाडा के अधिकारियों के सामने नहीं आए और न ही उन्होंने किसी के फोन का जवाब दिया।

### एक नजर

## शुभंकर शर्मा गोल्फ मेजर में शीर्ष 10 में स्थान हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने



**लंदन** । शुभंकर शर्मा 151 साल पुराने ब्रिटिश ओपन में पहले गोल्फ मेजर में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले इतिहास में तीसरे भारतीय गोल्फर बन गए। तूफानी और गीले मौसम में अपना चौथा और अंतिम राउंड खेल रहे शर्मा ने एक अंडर के स्कोर के साथ अपना काम पूरा किया और 8वें स्थान पर रहे। इस वर्ष रॉयल लिवरपूल गोल्फ क्लब में रोटेशन द्वारा खेले गए टूर्नामेंट के लिए उनका कुल स्कोर 279 था। उन्होंने पहले राउंड में शानदार तीन अंडर का स्कोर हासिल किया। उनका चौथे राउंड का स्कोर एक अंडर 70 था, जैसा कि तीसरे राउंड में था। प्रतियोगिता में वह कुल मिलाकर पांच अंडर का था। ब्रिटिश ओपन के अलावा, गोल्फ में प्रमुख यूएस ओपन, यूएस मास्टर्स और यूएस पीजीए चैम्पियनशिप हैं।

भारतीय गोल्फरों में पिछले दो शीर्ष 10 फिनिशर जीव मिल्खा सिंह और अनिर्बान लाहिड़ी हैं। दोनों ने यूएस पीजीए चैंपियनशिप में गौरव हासिल किया; पहला 2008 में और दूसरा 2015 में। सिंह संयुक्त 9वें स्थान पर रहे, जबकि लाहिड़ी संयुक्त 5वें स्थान पर रहे। ब्रिटिश ओपन अमेरिका के बाएं हाथ के ब्रायन हरमन ने जीता।

## सात्विक-चिराग ने जीता कोरिया ओपन का खिताब, फाइनल में विश्व नंबर एक जोड़ी को हराया



**येओसु** । एशियाई चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने विश्व नंबर एक इंडोनेशियाई जोड़ी फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो को तीन गेम के रोमांचक फाइनल में 17-21, 21-13, 21-14 से हराकर कोरिया ओपन में पुरुष युगल खिताब जीत लिया। थाईलैंड ओपन 2019 और इंडिया ओपन 2022 के बाद यह सात्विक और चिराग के करियर का अब तक का तीसरा सुपर 500 खिताब है। यह 2023 में उनका तीसरा बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब है, इससे पहले उन्होंने इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन 2023 (सुपर 300) और इंडोनेशिया ओपन 2023 (सुपर 1000) जीता था।

स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने इससे पहले शनिवार को सेमीफाइनल में चीन के लियांग वी केंग/वांग चांग को 21-15, 24-22 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

## पुरुष ट्रैप टीम ने जूनियर विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**नई दिल्ली** । बख्तियारुद्दीन मालेक, शार्दुल विहान और आर्य वंश त्यागी की भारतीय पुरुष ट्रैप टीम ने कोरिया के चांगवोन में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के अंतिम से पहले वाले दिन रजत पदक जीता।

जिला भाजपा अध्यक्ष ने प्रकाश को फैशन परेड वाला विधायक निरूपित किया

# वर्षा ऋतु में पेयजल संकट कांग्रेस विधायक प्रकाश की क्षमता पर सवालिया निशान- उमेश अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ।



जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने मीडिया को जारी बयान में कहा घर-घर पानी पहुंचाने हेतु केंद्र सरकार की अति महतपूर्ण जल आवर्धन योजना अमृत मिशन शुरू की गई ताकि जीवन की मूलभूत आवश्यकता पानी के लिए जनता को परेशानियों से निजात मिल सके। इस योजना का सही तरीके से क्रियान्वन नहीं किए जाने की वजह से निगम क्षेत्र के अधिकांश वार्डों में जनता वर्षा के दिनों में भी बूंद- बूंद पानी के लिए तरस रही है। यही वजह है कि वार्ड नंबर 30 की जनता को सड़क में उतरकर पानी के लिए विरोध करना पड़ा। इसके पहले जनता ने निगम कार्यालय का घेराव कर समस्या से अवगत कराया लेकिन कुंभकर्णी नींद में सोये अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। अमृत मिशन योजना के लिए मोदी सरकार ने पर्याप्त फंड मुहैया कराया है ताकि आवश्यकतानुसार पानी टंकियों का निर्माण किया जा सके और पाइप लाइन के जरिए आम जनता के घरों में सुगमता से पानी पहुंचाया जा सके। केंद्र की योजनाओं को देखकर नाक भी सिकोड़ने वाली कांग्रेस सरकार इस योजना का बेहतर तरीके से क्रियान्वन करने की बजाय निर्माण की आड़ में जमकर भ्रष्टाचार किया गया और जमकर गड़बड़ी की गई। कार्य हेतु निर्धारित मापदंडों की अनदेखी कर सबंधित वार्डों से एन ओ सी हासिल कर आनन फानन में कार्य पूरा दिखाकर राशि का आहरण किया गया। बहुत से वार्ड ऊंचाई में स्थित होने की वजह से पाइप लाइन बिछाने के दौरान वाटर लेबल की अन देखी की गई, इस वजह से बहुत से घरों तक पानी की एक बूंद नहीं पहुंच रहा। जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा कतिपय पार्षदों इस परेशानी को समझे बिना ही अमृत मिशन के ठेकेदारों से पैसे लेकर कार्य पूर्णता का प्रमाण भीं जारी कर दिया। रही कही कसर निगम ने पूरी कर दी कार्य पूर्णता के प्रमाण पत्र के आधार पर बोर के जरिए पानी की व्यवस्था को बंद कर दिया ताकि बोर मेंटेनेंस के नाम पर व्यय होने वाली राशि बचाई जा सके। आम जनता को न ही बोर से पानी मिल रहा और न ही अमृत मिशन योजना के तहत पानी मिल रहा। इस वजह से आम जनता को बुंद-बुंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा। उमेश अग्रवाल ने प्रकाश नायक को फैशन परेड वाला विधायक निरूपित करते हुए कहा केवल अखबारी सुर्खियों के जरिए अपनी सक्रियता बनाए रखने वाले स्थानीय विधायक को जमीनी समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। भीषण गर्मी में पानी की समस्या से परेशान होने वाली जनता को अब वर्षा ऋतु में भी पानी के लिए तरसना पड़ रहा इसके लिए विधायक जिम्मेदार है। जीवन की मूलभूत आवश्यकता पानी के लिए तरसने वाली जनता आगामी चुनाव में विधायक प्रकाश नायक को अवश्य सबक सिखायेगी।

## एक नजर

### जिले के 25 बेरोजगार युवाओं को प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से मिला रोजगार

एस.आर.सी सिक्युरिटी फोर्स इंडिया प्रा.लि. बैंगलोर में युवा कर रहें हैं सिक्युरिटी गार्ड का कार्य

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



जिले के 25 बेरोजगार युवाओं को एस.आर.सी सिक्योरिटी फोर्स इंडिया प्रा.लि. बैंगलोर में प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से सिक्योरिटी गार्ड का रोजगार मिला है। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि सिक्युरिटी गार्ड के रूप में कार्य कर रहें युवाओं का मासिक वेतन 14 हजार रुपये है साथ ही भविष्य निधि एवं ई.एस.आई.सी., मेडिकल सुविधा भी प्रदाय किया जा रहा है। युवा रोजगार के अवसर से मिलने से बहुत खुश है। युवाओं ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि संकल्प परियोजना अंतर्गत जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा विगत माह 27 जून 2023 को जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें अविनाश एंटरप्राइजेज प्रा.लि. द्वारा जिले के 25 बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदाय करने हेतु चयन किया गया था।

### जिले में 1 जून से अब 310.1 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 310.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 24 जुलाई तक औसत वर्षा 396.5 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 1.5 मिमी वर्षा हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 334.5 मिमी, मनोरा में 383.0 मिमी, कुनकुरी में 372.0 मिमी, दुलदुला में 339.9 मिमी, फरसाबहार में 163.4 मिमी, बगीचा में 374.8 मिमी, कांसाबेल में 161.6 मिमी, पत्थलगांव में 294.4 मिमी एवं सन्ना में 367.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

### बेरोजगार युवाओं को आईटीआई करतला में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कोर्स में दिया जाएगा प्रशिक्षण

इच्छुक युवा 28 जुलाई तक करा सकते पंजीयन

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करतला में जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले समस्त हितग्राहियों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इच्छुक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधीक्षक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करतला ने बताया कि संस्था में संचालित एसोसिएट डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कोर्स में प्रशिक्षण हेतु हितग्राही 28 जुलाई 2023 अपना पंजीयन करा सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण 6 माह का होगा एवं 20 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेजों की मूलप्रति की एक-एक छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि को संस्था में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# नगर पंचायत सीएमओ चाह रहे नगर में रहे अंधेरा कायम

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



आपको बता दे कि नगर पंचायत के लगभग सभी वार्डों में लाईट की परेशानियां बनी है। बता दे कि वार्ड क्रमांक 8 में 8 पोल है। जहां एक पोल में लाईट तक नहीं जल रही है। वार्डों में अंधेला कायम है।

और भी कई ऐसे वार्ड है जहां लाईट तक नहीं है, कुसमी नगर मैंन रोड की बात करें तो बस स्टैंड तक में एक लाईट है वो भी कभी जलती है कभी नहीं। वर्तमान परिस्थिति यह है कि इस घोर बरसात में नगर पंचायत में चारों ओर अंधेला ही अंधेला है। लाईट अगर गोल हो जाती है, तो और भी परेशानी बनी रहती है। जिससे सांप बिछु सहित अन्य दुर्घटना की संभावना प्रबल हो गयी है। जिसके लिए कही न कही नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदार है। नगर पंचायत के पार्षदों का कहना है, कि पूर्व में जो नगर में लाइट लगी थी उसका भुगतान नहीं होने के कारण लाईट दुकानदार ने उतरवा लिया है। नगर पंचायत के सीएमओ के तानासाही रवैये के कारण संबंधित को भुगतान नहीं हो पाया है। जिसका परिणाम यह है कि दुकानदार ने स्ट्रीट लाइट निकाल ली है। नगर पंचायत अंधेरा छाया हुआ है। इससे पूर्व में ही पार्षद द्वारा नगर पंचायत में सीएमओ के ऊपर ताना शाह रवैये के आरोप लगाया जा चुका है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण ट्रैक्टर खरीदी में भारी अनिमियता पायी गयी थी। जिसमे पार्षदों द्वारा परिषद की बैठक में 15 पार्षदों द्वारा भारी हंगामा पश्चात बैठक स्थगित कर दी गयी थी।

## क्या कहते पार्षद आनंद जायसवाल



लगभग 1 साल से हम पार्षदों द्वारा सीएमओ नारायण साहू को नगर के लाइट के संबंध में बार-बार कहे जाने के पश्चात भी टाला मटोल रवैया अपनाते हुए। अपने चहेते से नगर के स्ट्रीट लाइट को खरीदने के लिए और भारी कमीशन के लिए आज दिनांक तक खरीदी को लटक रखे रहे हैं। नगर विकास से किसी भी प्रकार का इनका कोई लेना देना नहीं है इनको सिर्फ अपने कमीशन से मतलब है। और कही न कही विधायक का सह इनको प्राप्त है। बहुत जल्द नगर के विभिन्न मुद्दों को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए हम भाजपा पार्षद तैयारी में है। इस सम्बंध में सीएमओ कुसमी से जानकारी लेने चाहा तो हमेशा की भांति कॉल रिसीव नहीं किया।

# मणिपुर हिंसा के विरोध में बस्तर बंद का रहा मिला जुला असर



**चारामा।** चारामा सर्व आदिवासी समाज के द्वारा मणीपुर घटना को लेकर बुलाए गए बस्तर बंद नगर मैं पूर्णत:सफल रहा। नगर चरमा सहित आसपास के सभी गांव में भी बंद का असर साफ दिखा एवं सभी प्रतिष्ठा ने पूर्णता बंद रहे और सभी ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा भी की। भाई समाज के लोगों ने अपने अपने गांव से लेकर शहरों नगर सभी जगह घूम घूम कर लोगों को अपनी प्रतिष्ठानों को बंद रखकर बंद को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की बात भी कही और सभी ने आदिवासी समाज के अपील को स्वीकार कर अपनी दुकानों को स्वयं ही बंद रखा। वही सर्व आदिवासी समाज के द्वारा राज्य में अनुसूचित जनजातियों पर हो रहे कत्लेआम हत्या को बंद करने में नाकाम वहा की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने और बलात्कार और हिंसा के सभी आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। सर्व आदिवासी समाज के द्वारा नगर के कोरर चौक में मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं दोनों का पुतला फूंका गया।मणिपुर राज्य में हो रहे हिंसा के संबंध में निंदा की है।

# तेजी से फैल रहे आई-फ्लू से बचाव हेतु जिले वासियों से की गई अपील

आवश्यक उपचार व सावधानी रखकर आई.फ्लू से खुद को रखा जा सकता है सुरक्षित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले में हो रही अनिश्चित बारिश एवं उमस के बीच लोगों में आई-फ्लू का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। एक-दूसरे के संपर्क में आने से स्कूली बच्चों एवं उनके परिवार के सदस्य भी आई-फ्लू से संक्रमित हो रहे हैं।




**लक्षण ग्रस्त व्यक्ति तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर से कराएं उपचार**

अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन 20-25 आई-फ्लू के मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि आई-फ्लू से संक्रमित मरीजों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। चिकित्सकीय उपचार एवं आवश्यक सावधानी बरतने से यह रोग कुछ दिनों में ठीक हो जाता है। उन्होंने आई-फ्लू संक्रमण के लक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस संक्रमण से मरीज की आंखों में सूजन और दर्द के साथ आँखे लाल होना, एक या दोनों आंख में जलन या खुजली होना, आंखों से असामान्य रूप से अधिक आंसू तथा सफेद गाढ़ा डिस्चार्ज निकलना, आंखों में किरकिरी महसूस होता है। सीएमएचओ ने कहा कि आई-फ्लू के संक्रमण से कुछ सावधानियां अपनाकर बचा जा सकता है। आंखों में इन्फेक्शन होने पर उसे बार-बार मत छूएं, आंख से पानी आने की स्थिति में उसे पोंछने के लिए साफ टिश्यू का इस्तेमाल करें, जिसे दोबारा प्रयोग में नहीं लाएं। साथ ही आंख साफ करने के लिए रूमाल का उपयोग करने पर उसी रूमाल से दूसरी आंख साफ ना करें, इससे संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। अपनी आंखों को साफ ठंडे पानी से निरंतर धोते रहें एवं समय-समय पर अपना हाथ भी साफ करते रहें। अपने मोबाईल, तौलिया या पिलो कवर किसी को उपयोग करने न दें। साथ ही दूसरों की इस्तेमाल की हुई चीजों से दूरी बनाकर रखें। आंखो के

*सुरक्षा के लिए काले चश्मे का उपयोग करें। कलेक्टर संजीव कुमार झा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केसरी ने उपरोक्त लक्षण से ग्रसित व्यक्तियों को आवश्यक सावधानी बरतते हुए तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर उपचार कराने एवं डॉक्टर के परामर्श से ही दवाइयों का सेवन करने की जिलेवासियों से अपील की है।*

# जलाशय के लिए जमीन देने वाले 17 किसानों को मिला मुआवजा

शेष किसानों के भी प्रकरण जल्द होंगे तैयार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मसूरिहा जलाशय के लिए प्रस्तावित भूमि के विरूद्ध की गई भू-अर्जन के एवज में प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया गया है। मसाहती ग्राम होने तथा नजरी नक्शा नहीं होने की वजह से कई किसानों को मुआवजा वितरण नहीं किया जा सका है। मसूरिहा जलाशय का नाला क्लोजर कार्य नहीं कराया गया है जिससे कृषकों से ली जाने वाली भूमि अभी भी उनके कब्जे में हैं, जिसमें खेती कर रहे हैं। प्रभावित किसानों को मुआवजा भुगतान की कार्यवाही पूर्ण होने पर ही उक्त योजना के निर्माण की कार्यवाही की जाएगी। मुआवजा के लिए लंबित किसानों को भी मुआवजा वितरण संबंधी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इस योजना के शीर्ष कार्य में ग्राम मुरली के 23 कृषकों का 4,891 हेक्टेयर निजी भूमि का भू-अर्जन प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी, रा. पाली के कार्यालय में प्रक्रियाधीन है। प्रभावित भूमि के विरुद्ध भू-अर्जन अधिकारी द्वारा मांग की गयी 80 प्रतिशत प्रतिकर की राशि 77.056 लाख 28 मार्च 2019 को जमा किया जा चुका है, जिसमें 17 लोगों का मुआवजा भुगतान किया जा चुका है। शेष 6 लोगो का भुगतान लंबित है तथा योजना के शीर्ष कार्य में ग्राम मसूरिहा के 15 कृषकों का रकबा 11.072 हेक्टेयर भू-अर्जन प्रकरण तैयार कर 25 फरवरी 2011 द्वारा भू-अर्जन अधिकारी, कटघोरा को जमा किया गया था। मसाहती ग्राम होने के कारण नक्शा नहीं है। इस संबंध में जल संसाधन संभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि मसाहती ग्राम होने के कारण नजरी नक्शा के अनुसार प्रकरण तैयार किया गया था। इस दौरान कृषकों से भी लिखित सहमति ली गई थी। भू-अर्जन अधिकारी कटघोरा प्रकरण में नक्शा नहीं होने के कारण आगे की कार्यवाही रोक दी गई थी।

# फॉरेंसिक विभाग के विशेषज्ञों ने पोस्टमार्टम के महत्वपूर्ण पहलुओं पर डाला प्रकाश

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



संभागीय संयुक्त संचालक सरगुजा के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन मुख्य अस्पताल अधीक्षक सूरजपुर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय सूरजपुर के सभाकक्ष में शव विच्छेदन एवं वैधानिक उपयोगिता के साथ-साथ सर्पदंश एवं बिच्छू के रोकथाम व उपचार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के फरेंसिक विभाग से आए विशेषज्ञों द्वारा पोस्टमार्टम एवं एमएलसी के बारे में जानकारी दी गई। डॉक्टर संजीव खाखा द्वारा बताया गया कि हमारे पास ज्यादातर आत्महत्या, पानी में डूबने, एक्सीडेंट एवं मारपीट से हुए मृत व्यक्तियों के पोस्टमॉर्टम के लिए बॉडी आती है। जिसके लिए किस प्रकार पोस्ट मॉर्टम का रिपोर्ट तैयार करना हैं। शरीर के किन अंगो को प्रिजर्व करना है। किन सॉलूशन में बॉडी के अंगो को रखना हैं इत्यादि के बारे में बताया गया। डॉ. दीपक प्रकाश द्वारा 376 आईपीसी के तहत मारपीट के शिकार हुए व्यक्तियों का एमएलसी किन किन बातो को ध्यान में रखकर रिपोर्ट तैयार करना है उसके संबंध में चर्चा की गई। डॉ. सन्तु बाघ ने पोस्ट मॉर्टम करते समय सटीक रिपोर्ट तैयार करने व रिपोर्ट को कोर्ट में प्रस्तुत करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डॉक्टर योगेश्वर कलकोंडा द्वारा सर्पदंश के मैनेजमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**शव विच्छेदन एवं वैधानिक उपयोगिता तथा सर्पदंश जैसे विषयों को लेकर रखी गई एक दिवसीय कार्यशाला**

उन्होंने बताया की किस प्रकार सर्पदंश एवं बिच्छू जैसे जहरीली जीवों के काटने पर प्राथमिक उपचार उपरांत विशेषज्ञों की निगरानी में सही ट्रीटमेंट द्वारा मरीज को बचाया जा सकता है। डॉ. रूद्र द्वारा महामारी एवं आउट ब्रेक के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सयुंक्त संचालक सरगुजा द्वारा इलाज के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई जिसमें उन्होंने सही डायग्नोसिस और प्राथमिकता के क्रम में उपचार की बात कही जिससे कि मरीज को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस दौरान कार्यशाला में जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं समस्त विकासखंड के चिकित्सक उपस्थित थे।

# सर्पदंश से बचने के लिए जागरूक होना जरूरी

सर्पदंश पीड़ित बैगा, गुनिया के पास न जाकर, अतिशीघ्र अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

सर्पदंश एक गंभीर आपदा के रूप में सामने आई है। बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं अधिक पाई जाती है। बरसात के मौसम में सर्प अक्सर बाहर निकल आते है, इसलिए इनसे बचाव करना जरूरी है। जागरूकता के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग सांप काटने से व्यक्ति को बैगा, गुनिया के पास झाड़-फूंक करवाने के लिए ले जाते है। अधिकांश ग्रामीणों का मानना है कि सर्पदंश पीड़ित को बैगा के पास ले जाने पर झाड़-फूंक से सांप का जहर निकल जाता है। सर्पदंश से बचने के लिए जागरूक होना जरूरी है। सर्पदंश से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए प्राथमिक उपाय के रूप में लोगों को सर्पदंश से बचने के उपायों के प्रति जागरूक होना जरूरी है।

## सर्पदंश से बचाव के उपाय

जमीन में न सोयें, पलंग पे मच्छरदानी लगाकर चारो तरफ अच्छे से दबा कर सोये, पलंग को दीवार से न सटाये न ही पलंग से कोई सामान सटा कर रखें, अपने सोने वाले रूम में छोटे जीव जंतु जैसे चिड़िया ख़रगोश मुर्गियां आदि न रखे, ना ही घर मे चूहे होने दे, घर के अंदर बिलों, दिवारों के दरारों, छेदों को बंद करके रखे, नाली, खिडकियों में छोटी जाली लगा कर रखें, दरवाज़ों के नीचे गेप ना हो इसका ध्यान रखे अगर गेप हो तो शाम को ही कपड़े बोरे या पटरे से बंद करे व सबेरे सावधानी से हटायें, सोने से पूर्व पलंग के नीचे व रूम में सावधानी पूर्वक देख ले कही सांप तो नहीं हैं, रात्रि को शौच आदि के लिए निकलने पे रोशनी का इस्तेमाल करे, जहां दिखाई न देता हो वहां हाथ पांव न डाले, खेत बाड़ी में काम करते समय विशेष सावधानी बरतें, लंबे घासों में चलना हो तो ऊपर तक कवर करने वाले जुते का इस्तेमाल करें, साथ ही किसी छड़ी की सहायता से अपने अगले कदम वाले स्थान के घास को हटा कर देखते चलें, खेतों के मेड़ो में चलते, मछली-केकड़ा पकड़ते समय सावधानी बरतें, लकड़ियों पत्थर ईंटो के ढेरों को हटाते समय सावधानी बरतें।

**सर्पदंश का मात्र एक ही उपचार एंटी वेनम**

## सर्पदंश होने पे बचाव के उपाय

मरीज को हिम्मत दे डराए ना, मरीज के डरने से बीपी बढ़ेगा इससे सांप का जहर तेजी से फैलेगा। मरीज को स्थिर लिटा दे। ना ही मरीज को चलाना हैं ना ही किसी अन्य प्रकार के कोई गतिविधि करनी है। काटे हुए स्थान पे चीरा न लगाएं इससे मरीज की जान भी जा सकते है। अगर सांप ने हाथ पैर में काटा हो तो उससे थोड़ी ऊंचाई पे कपड़े या रस्सी से बांध देना चाहिए। झाड-फूंक के चक्कर मे न पड़ें, झाड-फूंक से उन्ही मरीजों की जान बचती है जिन्हें हम जहरीला समझते है परंतु वो जहरीला नहीं होते है या तो कम जहर के सांप जिनके काटने से मात्र दर्द व सूजन होते है साथ ही ड्राई बाईट अर्थात सूखा दंत जिसमें सांप के द्वारा दंश तो किया गया परन्तु जहर नहीं छोड़ा गया हो। सांप के जहर का पता लगाने नमक मिर्च खिलाने में समय बर्बाद ना करे। सर्पदंश का मात्र एक ही उपचार एंटीवेनम है जो शासकीय अस्पतलाल में निशुल्क उपलब्ध होते हैं। सर्पदंश का कोई भी घरेलू व प्राथमिक उपचार नहीं है इसलिए अतिशीघ्र अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे जिसके लिए 108 की सविधा ली जा सकती है अगर किसी कारण वंश 108 उपलब्ध ना हो या आप तक पहुंचने में अधिक समय लगने की स्थिति में अपने किसी अन्य माध्यम से हॉस्पिटल पहुंचने की कोशिश करे। सर्पदंश के बाद समय पे हॉस्पिटल पहुंच एंटीवेनम ले लिया गया हो तो पीड़ित की बचने की संभावना 100 प्रतिशत होती हैं।

## सर्पदंश के बाद लक्षण

अधिकांश सांप मांसाहारी होते हैं एवं छोटे जीव-जंतुओं को खाते हैं। मनुष्यों को ये अपने ऊपर खतरा देख कर ही काटते है। इन्हें छेड़ा न जाये तो ये मनुष्यों को नहीं काटते। सांप के जहर से ऊतक नष्ट होते हैं, नर्वस सिस्टम प्रभावित हो सकता है, ब्लड प्रेशर एवं हृदय पर असर अथवा क्लॉटिंग एवं रक्तस्त्राव होता है। लक्षण उत्पन्न होने में कभी-कभी 6 से 12 घंटे का समय लग सकता है। बिना जहर वाले सांप काटने पर काटे हुए स्थान पर थोड़ा दर्द और सूजन हो सकती है, जो सामान्यत आसानी से ठीक हो जाती है। जहरीले सांप के काटने पर यदि सांप द्वारा जहर नहीं उगला गया है तो खतरा नहीं होता है। यदि जहर उगला गया है तब काटने के स्थान पर तेज दर्द, छाला पड़ना, सूजन, लालिमा, नीलापन, रक्तस्त्राव, काला पड़ना या सुन्न होना हो सकता है। सांप के जहर के असर से व्यक्ति के काटे वाले भाग के पूरे अंग में तेज दर्द हो सकता है, कम ब्लडप्रेशर, कमजोर नाड़ी, बढ़ी धड़कन, उल्टी, दस्त, खांसी, सांस लेने में दिक्कत, देखने में दिक्कत, हाथ-पैर ठंडा होना, सुन्न पड़ना, पसीना आना आदि हो सकते हैं।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

# बीते तीन सालों में निर्धन परिवार की 227 बेटियां विवाह बंधन में बंधी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**सीमा एक साधारण गरीब परिवार की बेटी है। जो जिले के एक छोटे से गांव में रहती थी। उसके पिता एक छोटे से दुकान पर काम करते थे और माता-पिता बहुत मेहनती थे।**

लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति मेहनत के बावजूद सुधारने में कामयाब नहीं हो रही थी। सीमा बहुत पढ़ाई-लिखाई में रूचि रखती थी और उसके मन में अपने सपने थे। वह अपने परिवार को भविष्य में सुख-शांति देने का सपना देखती थी। लेकिन उसके परिवार की आर्थिक हालत उसे अपने अध्ययन के लिए समर्थ नहीं बना रही थी। एक दिन, उसके गांव में महिला एवं बाल विकास के अधिकारी ने उसे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के बारे में बताया। सीमा को यह सुनकर खुशी हुई कि उसके सपनों को साकार करने का एक रास्ता तो है। उसने अपने पिता को योजना के बारे में बताया और उन्हें विवाह के लिए आवेदन करने की सलाह दी।





**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से सीमा को सपना साकार करने का मिला रास्ता**

सीमा के परिवार ने योजना के अंतर्गत आवेदन किया और जल्द ही उनका आवेदन स्वीकार हो गया। उन्हें विवाह के खर्चे का भार सरकार ने दिया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के सहारे, सीमा का विवाह खुशियों से सम्पन्न हुआ। उसके सपने साकार हो गए और उसे अध्ययन के लिए अधिक संसाधन मिलने लगे। वह अब एक गैर-सरकारी स्कूल में नौकरी करती है और अपने परिवार की मदद कर रही है। बिटिया के विशेष अनुरोध और निजता के कारण वास्तविक नाम व फोटो नहीं दिया गया।

वैश्विक महामारी कोरोना काल के चलते वर्ष 19-20 और 20-21 छोड़ दें तो जिले में तीन सालों में 227 निर्धन परिवारों की बेटियां मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत विवाह बंधन में बंधी।

जो सुखी दाम्पत्य जीवन गुजार रही है। इस योजना के माध्यम से फिज़ुल खर्च एवं दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को समाप्त करने का एक अच्छा माध्यम है। अब ऐसे कन्याओं के माता-पिता को आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा है। सामूहिक विवाह का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कराया जाता है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा सहायता राशि 25 हजार रूपए से बढ़ाकर 50 हजार रूपए कर दी गई है। योजना के तहत 21 हजार रूपये तक की आर्थिक सहायता सामग्री के रूप में, 21 हजार रूपये का बैंक ड्राफ्ट तथा सामूहिक विवाह आयोजन व्यवस्था पर अधिकतम 8 हजार रूपये तक व्यय का प्रावधान भी किया गया है।

## एक नजर

### रीपा से बने उत्पाद स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन सहित पुलिस कैम्पो में होगी सप्लाई

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।





बीजापुर जिले के चारो विकास खंडो में 2-2 रीपा संचालित है जहां विभिन्न सहायता समूह के महिलाएं एवं उद्यमी अपने-अपने औद्योगिक इकाईयों में उत्पादन को गति प्रदान कर रहे हैं। कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा एवं जिला सीईओ रवि कुमार साहू के मार्गदर्शन में उत्पादन का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। रीपा से बने उत्पाद घरेलू सामग्री मिर्च, मसाला, हल्दी, धनिया, अचार, पापड़ जैसे खाद्य सामग्री जो कि गुणवत्तापूर्ण निर्मित किया जा रहा है। जिसे स्थानीय बाजार, सी.मार्ट के अलावा स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन सहित पुलिस कैम्पो, आंगनबाड़ियों में भी सप्लाई किया जाएगा। ताकि समूह की महिलाओं को व्यापक स्तर पर बाजार उपलब्ध हो सके और उत्पादन, विक्रय में वृद्धि के साथ-साथ आजिविका गतिविधियो में बढ़ोतरी हो सके।

### गांव-गांव में हो रहा ईवीएम डेमोस्ट्रेशन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा चंदन कुमार के निर्देश पर जिले के विधानसभा क्षेत्रों के गांव-गांव में ईवीएम का डेमोस्ट्रेशन किया जा रहा है। जिसके तहत बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 अंतर्गत मतदान केंद्रों ग्राम सेमराडीह, भरूवाडीह, ढनढनी,सरकीपार में मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वेन के माध्यम से ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीनों के प्रचार-प्रसार किया गया। जिसमे मास्टर ट्रेनर जीवन लाल कोसले रविकांत वर्मा विद्याचरण वर्मा खूबचंद सरसिहा राकेश वर्मा द्वारा इवीएम एवं वीवीपीएट मशीनों के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया बतलाई गई एवं अधिक से अधिक संख्या में सभी को मतदान में हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में तहसीलदार देवेंद्र नेताम क्षेत्र के पटवारी,सचिव, कोटवार,सरपंच एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् निरंतर ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन कर मतदान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जा रही है। साथ ही ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं मतदान हेतु जन जागरूकता के लिए मोबाइल प्रदर्शन वैन के माध्यम से महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों तथा हाट बाजारों सहित अन्य आवश्यक स्थलों पर भी प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत् ईव्हीएम एवं वीवीपैट मीशन का प्रदर्शन किया जा रहा है साथ ही मतदान के संबंध में लोगों को जानकारी दी जा रहा है।

# अपर कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, मिले 91 आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर छन्नू लाल मार्कण्डेय ने आज सोमवार को जनचौपाल में आम नागरिकों की मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुने और उन आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी से संपर्क कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनचौपाल में 91 नागरिकों ने अपर कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। आज जनचौपाल में ग्राम मरका निवासी विसाहिन बाई साहू ने राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का लाभ दिलाने के संबंध में, ग्राम पंचायत लोलेसरा निवासी सुखबती मेहर ने वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम मोहरेंगा निवासी नाथूराम मेहर ने काबिज जमीन का पट्टा दिलाने, ग्राम बिरमपुर निवासी सत्रुहन डाहिरे ने दिव्यांग पेंशन दिलाने, ग्राम पिकरी निवासी रुप सिंह ने मुड़पारा बांध सिंचाई विभाग द्वारा डुबान में ली गई भूमि का वर्तमान दर पर मुआवजा दिलाने के संबंध में, ग्राम देवकर निवासी ठाकुर राम पटेल ने एक बैंक के द्वारा ऋण राशि की भुगतान होने के बाद भी एन.ओ.सी. नहीं देने के संबंध में शिकायत की, ग्राम सल्धा निवासी सुनीता बाई ने कोविड-19 में हुए अपने पति मृत्यु पश्चात मुआवजा राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम झिलगा के ग्रामवासियों ने अपने ग्राम में नया ट्रांसफ र्मर प्रदाय करने, ग्राम बिरमपुर निवासी चंदर लाल ने बैटरी चलित ट्रायसिकल प्रदान करने, ग्राम जेवरा निवासी मोहन ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि प्रदाय करने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आर्थिक सहायता प्रदान करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, नक्शा बटांकन त्रुटि सुधार करने, नया राशनकार्ड बनवाने आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।



## सभी स्वास्थ्य विभाग में सर्प वेक्सिन की व्यवस्था हो-महेश प्रसाद

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



भारतीय शक्ति चेतना पार्टी मनेंद्रगढ़ विधान सभा के प्रत्यासी महेश प्रसाद स्वास्थ्य विभाग को लेकर चिंता जाहिर करते हुए अपील किया सभी स्वास्थ्य विभाग में वेक्सिन हो आप को बता दे सर्प के काटने से छत्तीसगढ़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो जाती है जब किसी पीड़ित मरीज को सर्प काटने पर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जाता है तो वेक्सिन न होने की वजह से उसे गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है अक्सर देखा गया है गांव में रात को सोते समय जमीन का सहारा लिया जाता है बरसात आते ही जमीन पर सोना मानो खतरे से भरा होता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग को इसकी चिंता करनी चाहिए अगर चिंता होती तो कम से कम ग्रामीण क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य केंद्र में सर्प का वेक्सिन होता आज़ादी को 75 वर्ष हो गये मगर देश का विकास तो छोड़ अच्छी स्वास्थ्य सुविधा नहीं दे पाए ये हमारा दुर्भाग्य है

आज हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर बरसात के समय सर्प देखा जाता है और बच्चे ज्यादातर शिकार होते है चिरमिरी एसईसीएल हॉस्पिटल की बात करे तो इलाज के नाम पर केवल खाना पूर्ति का काम किया जाता है अधिकतर मरीजों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है सवाल यह भी है इसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा या कहे सरकार द्वारा नजर अंदाज किया जाना पीड़ित को भारी पड़ता है अधिकतर देखा जाता है की ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग में उपचार नहीं किया जाता तत्काल रिफ़र कर पिंड छोड़ा लिया जाता है पूछने पर साफ-साफ कह दिया जाता है उपचार का साधन नही है बाहर ले जाओ जिससे पीड़ित दूसरे हॉस्पिटल पहुंचता ही नही अधिकतर देखा गया है मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देता है अब सवाल आता है की इसका जिम्मेदार कौन है कही न कही सरकार इस ओर ध्यान नही दे रहा जो चिंता का विषय है जबकि हर स्वास्थ्य विभाग में छोटे से छोटे जगह में वेक्सिन की व्यवस्था होना जरूरी मैं स्वाथ्य विभाग से अपील करता हु की सर्प वेक्सिन की व्यवस्था जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में हो।

# नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीखी अग्नि सुरक्षा प्रबंधन की कला

### फायर आपदा प्रबंधन के टीम ने छात्रों को कराया पूर्वाभ्यास

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई में फायर आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ बचाव के टिम द्वारा कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिला अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता के मार्गदर्शन में संयुक्त टिम द्वारा जिले में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु पूर्वाभ्यास कराया गया। फायर आपदा प्रबंधन के टिम ने बाढ़ में फंसे लोगों को रेसक्यू करना तथा सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की गति विधि को बताया गया। ऊँचे भवनों में गोदामों व घर में रखें गैस सिलेण्डर एवं पैरावट में तथा विभिन्न प्रकार के अपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सावधानियों के बारे में प्रारंभिक आग को सुझबुझ से निपटने के लिए उपयुक्त उपकरणों की प्रचलन विधियों के बारे में विधिवत् पूर्वाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य जोली टोमी ने कहा कि अग्निशमन एक महत्वपूर्ण कौशल होता है जो हमें आग से निपटने की क्षमता प्रदान करता है। यह हमारी सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। इस दौरान फायर आपदा प्रबंधन के पूर्वाभ्यास में उप निरिक्षक राकेश पाण्डेय, दमकल प्रभारी विकास शुक्ला, बाढ़ बचाव प्रभारी बीरबल गुप्ता, मेजर संतोष शर्मा, वृजबिहारी गुप्ता, उमेश जायसवाल, मुकेश शर्मा,इरफ ान अंनसारी, रूपेश वर्मा, मृत्यून्जय पाण्डेय, राजेश खेश, विकुल राजवाड़े मनोहर, कृष्ण कुमार, धिरेन्द्र, मुन्नि लाल, संदीप मिश्रा, शिक्षक सोमनाथ मलिक, प्रमेन्द्र सिंह, कुलदीप दुबे उपस्थित रहे।

# नाबालिग पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



नाबालिग पीड़िता थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 23 जुलाई 2023 के दोपहर करीबन 02 बजे पीड़िता अपने घर के सामने गली तरफ निकल कर खड़ी थी। कि उसी समय सूरज रावते द्वारा पीड़िता को नाबालिग होना जानते हुये भी बेईज्जती करने तथा पीड़िता को बुरी नियत से हाथ को पकड़ कर7 खिचने एवं अपमानित करने कि रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में आरोपी के विरूद्ध अपराध सदर धारा 354 भादवि, 08 पास्को एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे ने तत्काल आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

जिसके तहत अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं थाना स्टाफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही हेतु अपराध विवेचना में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी सूरज रावते पिता जीवन रावते उम्र 22 साल पता थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा को 24 जुलाई 2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नवागढ निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि तुलाराम देशमुख, महिला प्रधान आर अनुपमा दुबे, आरक्षक रवि चंद्रवंशी एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

## पशु पालकों ने अपने पशुओं को खुले में न छोड़ने का लिया शपथ

# कृषकों और पशुपालकों को पशुओं के रोका-छेका करने किया प्रोत्साहन

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

उप संचालक पशुधन विकास बीजापुर डॉ. एसएस राजपूत ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 6 से 17 जुलाई तक जिले में रोका-छेका अभियान का आयोजन किया गया। रोका-छेका अभियान अंतर्गत जिले के गौठानों मे स्व सहायता समूहों, गौठान प्रबंधन समितियों, ग्रामीणों, कृषकों, पशुपालको की बैठक आयोजित कर पशुओ के रोका-छेका करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिससे बारिश के मौसम में बोये गये फसलों की पशुओ से सुरक्षा एवं सड़क पर होने वाली दुर्घटना से जन एवं पशु हानि को रोका जा सके।




उन्होने बताया कि अभियान के अंतर्गत विभाग द्वारा गौठानों में नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविरों का भी आयोजन किया गया। जिसमें कृषकों एवं पशुपालकों के पशुओं को आवश्यकतानुसार उपचार, बधियाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान, डिवर्मिंग कर औषधियों का वितरण किया गया। इस अभियान के तहत जिले के गौठानों में बैठक एवं शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 140 शिविर एवं 138 बैठकों के माध्यम से 698 पशुओं का उपचार किया गया। वहीं 3261 पशुओ का टीकाकरण, 4701 पशुओं के लिए औषधी वितरण, 02 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान, 1872 का डिवर्मिंग तथा 52 पैरा यूरिया उपचार प्रदर्शन किया गया। साथ इस दौरान गौठानों में पशुपालकों को पशुओं को बांधकर रखने, खुले न छोड़ने और अपने पशुओं को टीकाकरण कराने की शपथ भी दिलाई गई तथा चलित चिकित्सा ईकाई एवं पशु औषधालयो के संयुक्त तत्वाधान में पशुओ के उपचार सुनिश्चित किए गए।



# अल्ट्राटेक सीमेंट सयंत्र फिर हादसा

## सामान शिपटिंग के दौरान मजदूर के ऊपर गिरा क्रेन का पार्ट

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के अल्ट्राटेक सीमेंट में आज फि र एक बार हादसा हो गया। बताया जा रहा है किए हादसे में घायल श्रमिक की हालत गंभीर है। उसका इलाज रायपुर अस्पताल जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह लगभग 11 बजे अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र में कार्यरत मजदूर के ऊपर लोहे का भारी सामान गिरने की वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोहे का सामान इतना भारी था किए मजदूर ने जो सर पर हेलमेट पहना था वह चकनाचूर हो गया है। बताया जा रहा है किए मजदूर की हालत बेहद गंभीर है।

### शिफ्टिंग के दौरान हुआ हादसा

सूत्रों के हवाले मिली जानकारी के अनुसार, वेस्ट बंगाल निवासी कार्तिक ओरंग पर सामान शिफ्टिंग के दौरान क्रेन का बुम गिर गया।




इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेकिन संयंत्र प्रबंधन के अधिकारी जितेंद्र तोमर ने बताया किए लोहे का पाइप मजदूर के सिर पर गिरा, जिसके मजदूर का हेलमेट चकनाचूर हो गया है। इससे स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### बीते पखवाड़े में एक मजदूर की हुई मृत्यु

इससे पूर्व में बलौदाबाजार में स्थित नव निर्माणाधीन अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र में बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई है। यह निर्माण कार्य कुकुरडीह गांव में चल रहा है। इस घटना के बाद संयंत्र में कार्य करने वाले मजदूरों में प्रबंधन के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिला था। पूर्व घटना में बता दें, गुस्साएं मजदूरों ने धरना प्रदर्शन कर काम को बंद कर दिया था। मृत मजदूरों को न्याय एवं मृतक के परिवार को मुआवजा और परिवार के सदस्य को नौक दी जाए। घटनास्थल पर पुलिस बल द्वारा सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए अनुकूल परिस्थितियों माहौल स्थापित कर दिया गया मृतक मजदूर का नाम श्रीकांत था और वो बिहार का रहने वाला था।

# रोका छेका अभियान हुआ देवभोग नगर में फेल,सड़को पर घूमते नजर आए मवेशी

### पंचायतों को मवेशियों को व्यवस्थित कराने के निर्देश



**देवभोग।** राज्य शासन द्वारा मवेशियों के सड़कों पर घूमने और बैठने से रोकने जगह-जगह गौठान बनाए गए हैं,लेकिन योजना की सही मॉनिटरिंग नहीं होने की वजह से मवेशीयां सड़को पर डेरा डाल रखे हैं। लाखों खर्च के बाद भी मवेशियों को गौठान तक ला पाने में जनप्रतिनिधि-अधिकारी विफल साबित हो रहे हैं। इसका नतीजा यह हो रहा है कि दिन हो या रात मवेशी सड़कों पर ही बैठे या घूमते नजर आते हैं।मवेशियों के सड़कों में बैठे रहने से यातायात तो बाधित होता ही है,साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका हमेशा बनी रहती हैं। ऐसा ही नजारा देवभोग के मुख्य चौंक चौराहे व सड़को में भी नजर आता है। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना गोठान के रूप में गांव-गांव में बनाई गई कि आवारा पशु सड़कों पर विचरण ना करें,लोगों के फसल का नुकसान ना हो, राहगीर दुर्घटना का शिकार ना हो,लेकिन धरातल पर यह योजना कही सफल नहीं दिखाई दे रही है।जनपद पंचायत सीईओ प्रतीक प्रधान ने कहा मवेशियों को घरों में रखने या गोठानों में व्यवस्थित करने निर्देशित किया गया है।

गांव-गांव में मुनादी कराने कहा गया है। अगर ऐसा है तो संबंधित ग्राम पंचायत को विशेष रूप से कहा गया हैं, कि मवेशी मालिकों को भी अपने मवेशियों को बांध कर रखें या गौठानो में रखे,रहा सवाल देवभोग नगर कि तो ग्राम पंचायत सचिव से ग्रामीण संपर्क कर कांजी हाउस में मवेशियों को रखवा सकते हैं।

# राशनकार्ड के सभी सदस्यों की ई के वाय सी 31 जुलाई तक

रायपुर। भारत सरकार के निर्देश पर वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी की कार्रवाई 31 जुलाई 2023 तक किया जाएगा।




वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए राशनकार्ड के सभी सदस्यों के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है। राशनकार्ड में हितग्राहियों के आधार की जानकारी गलत दर्ज होने तथा आधार की जानकारी प्रमाणीकृत नहीं होने के कारण खाद्यान्न वितरण में समस्या बनी रहती है। विभागीय डेटाबेस में जिन हितग्राहियों का आधार दर्ज है। उनके आधार की जानकारी का प्रमाणीकरण ई-केवाईसी की कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में संचालित शासकीय उचित मूल्य के दुकानों को प्रदान किये गये ई-पॉस उपकरण में ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है। ई-केवाईसी की कार्रवाई पूर्णतः निःशुल्क है। ई-केवाईसी की कार्रवाई के लिए राशनकार्डधारी मुखिया एवं राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने-अपने आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुँचेंगे। जिसके बाद ही विक्रेता द्वारा ई-पॉस उपकरण में प्रत्येक सदस्य के आधार नंबर की पृथक-पृथक प्रविष्टि कर उनका फ्रिंगर प्रिंट स्कैन करवाकर ई-केवाईसी की कार्रवाई पूर्ण किया जाएगा।

## एक नजर

### भाजपा का धरना प्रदर्शन एवं विधायक निवास घेराव आज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी कमर कस चुकी है। जिसे लेकर बैठक, आम सभा, सम्मेलन सहित अनेक तरह का कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में आज धरमजयगढ़ विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन एवं विधायक निवास का घेराव कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश स्तर के नेता शामिल होंगे। वहीं इस कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजनता शामिल होंगे। सुबह मंगल भवन में एकत्रीकरण, बस स्टैंड दुर्गा मंच के पास धरना प्रदर्शन एवं दोपहर 12 बजे रायगढ़ रोड स्थित विधायक निवास का घेराव किया जाएगा।

### निगम का घेराव करने जिला भाजपा अध्यक्ष की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कांग्रेस के कुशासन एवं वादाखिलाफी के विरोध में निगम का घेराव करने की जानकारी देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा 25 जुलाई मंगलवार अपराह्न 2 बजे जिला भाजपा कार्यालय से भाजपा संगठन से जुड़े समस्त पदाधिकारी, समस्त मोर्चा एवं कार्यकर्तागण आमजनों के साथ निगम कार्यालय का घेराव करेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस आम जनता की उम्मीदों में खरा नहीं उतर पाई। कांग्रेस के बढ़ते भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त हो चुकी है। आम जनता के हक की आवाज बुलंद करने विरोध स्वरूप सोई कांग्रेस को जगाने का प्रयास किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री सरस्वती सायकिल योजना के तहत 50 छात्राओं को मिली सायकल

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।




बेमेतरा जिले के देवरबीजा में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश एवं हिंदी स्कूल में मुख्यमंत्री सरस्वती सायकिल योजना, निशुल्क के तहत नौवीं कक्षा की पात्र 50 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिका और कर्मचारी उपस्थित थे। स्कूल पैदल आने वाली छात्राओं ने बताया कि अब स्कूल आने-जाने में काफी सुविधा होगी। इसके साथ ही समय की भी बचत होगी। बारिश में भी इससे आने जाने में काफ ी राहत मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की लड़कियों के लिए इस योजना की शुरुआत की। जिसका नाम छत्तीसगढ़ सरस्वती साइकिल योजना रखा गया है। योजना के अंतर्गत राज्य की वह लड़कियां जो अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा गरीबी रेखा से नीचे की लड़कियां जिन्होंने नवमी कक्षा में दाखिला लिया है। उनके लिए राज्य सरकार साइकिल देती है। वह भी एकदम निशुल्क। योजना का एकमात्र मुख्य उद्देश्य राज्य में लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन देना है। ताकि कम से कम लड़कियां का माध्यमिक स्तर का स्कूल छोड़ना कम हो जाए। यही एकमात्र मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ सरकार का है। छत्तीसगढ़ राज्य के सरकारी स्कूलों में पड़ने वाली छात्रों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गयी यह एक बहुत ही कल्याणकारी योजना है। इस योजना के तहत राज्य सरकार के द्वारा राज्य की लगभग 13000 बालिकाओ के लिए मुफ्त साईकिल प्रदान की जाएगी।

### जिले में अब तक 426.3 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद** । महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2023 से अब तक 426.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक वर्षा महासमुंद तहसील में 585.7 मिलीमीटर, सरायपाली में 439.2 मिलीमीटर, पिथौरा में 401.1 मिलीमीटर, बसना में 356.6 मिलीमीटर और सबसे कम 349.3 मिलीमीटर बागबाहरा तहसील में दर्ज की गई। आज 24 जुलाई को 9.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में आज बसना तहसील में 17.7 मिलीमीटर, सरायपाली तहसील में 12.8 मिलीमीटर, बागबाहरा तहसील में 6.4 मिलीमीटर, महासमुंद तहसील में 6.0 मिलीमीटर एवं पिथौरा तहसील में 3.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

# रायपुर की कई जगहों में जलभराव से बुरा हाल, सीवरेज सिस्टम भी नहीं कर रहा काम

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में सीवरेज सिस्टम खरब होने की वजह कई इलाकों में लबालब पानी भरा हुआ है। शहर के सीवरेज सिस्टम भी काम नहीं कर रहे हैं। इससे जयस्तंभ चौक पर नालों का गंदा पानी घंटों पूरे वेग के साथ बहता रहा है। दो पहिया चालकों को रोड क्रॉस करने में गंदे पानी के छींटों से आगे का रास्ता देखने में परेशानी हो रही है। वहीं दो पहिया चालक बड़ी मुश्किल से आगे निकल पा रहे हैं। शास्त्री चौक, राजीव गांधी चौक, लालगंगा शापिंग कांप्लेक्स के सामने लबालब पानी भरने से लोग परेशान हो रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत रजबंधा मैदान के परिसर के सामने हुई, जहां नाले का पानी इस कदर भर गया कि इस मार्ग से गुजरना भी मुश्किल हो रहा है। राजधानी के हृदय स्थल स्थल पर लबालब पानी भरने से आवागमन बाधित हो गया है। सड़कों पर पानी भर जाने के गाड़ियां भी नहीं चल पा रही है। बारिश में भीगते हुए पैदल बंद गाड़ी को खींचते हुए वे जैसे-तैसे चौक पार कर पाए। जयस्तंभ चौक को जलभरावसे बचाने नगर निगम ने एक करोड़ का नाला बनाने की योजना तैयार की, पर यह योजना फाइलों में दबकर रह गई, जिसका खामियाजा शहरवासियों को उठाना पड़ रहा है। शास्त्री बाजार से बांस टाल होते हुए लालगंगा कॉम्प्लेक्स मार्ग पर गंदा पानी भरने से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानों के सामने कीचड़ और नाली का गंदा पानी जमा हो गया है। सब्जी बाजार परिसर में गंदगी फैलने से लोगों को मुंह पर रुमाल रखकर निकलने की नौबत आ गई है। गंदे पानी का निकासी सिस्टम ध्वस्त होने से सड़क पर बदबूदार गंदा पानी घंटों बहता रहा है। वहीं, दुकानों में बारिश का पानी घुसने पर रखी हुई सामग्री खराब होने की शिकायत भी सामने आई है। सड़क पर मवेशियों के झुंड और नाले की गंदगी का आलम गणेश राम नगर मार्ग पर देखने को मिला है।



# एसपी के निर्देश पर पुलिस ने भारी मात्रा में नशीली दवाईयों के साथ आरोपियों को किया गिरफ्तार

* पुलिस ने किया नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




**2 लाख 50 हजार रूपये कीमत के नशीली दवाईयों सहित 2 आरोपियों को थाना भटगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार, परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी भी जप्त**

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के द्वारा अवैध कारोबार करने वालों लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए जेल की सलाखों के पीछे भेजने तथा क्षेत्र में सूचना तंत्र को और मजबूत करने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। जिसके बाद से ही अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इसी क्रम में दिनांक 23 जुलाई 2023 को थाना भटगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक स्कूटी में 2 व्यक्ति नशीली दवाई लेकर बिक्री करने के लिए चंदौरा होते हुए जरही की ओर जा रहे है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना भटगांव की पुलिस टीम ने ग्राम जरही में घेराबंदी कर स्कूटी सहित अंजनी कुशवाहा पिता रामकिशुन कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी कटनेशा, थाना बसंतपुर, जिला बलरामपुर एवं राहुल शर्मा पिता साधुसरन शर्मा उम्र 29 वर्ष ग्राम जरही, थाना भटगांव को पकड़ा जिनके कब्जे से एविल इंजेक्शन 239 नग, नशीली टेबलेट 1800 नग, ब्रूफॉन इंजेक्शन 218 नग व रेक्सोजेसिक इंजेक्शन 20 नग जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रूपये है। मामले में नशीली दवाईयां व घटना में प्रयुक्त स्कूटी वाहन जप्त कर धारा 21;बी, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में हुई जिसमें थाना प्रभारी भटगांव फ दींनंद कुजूर, एसआई सरफ राज फि रदौसी, नवलकिशोर दुबे, एएसआई सुमंत पाण्डेय, संतोष सिंह, गुरू प्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, आरक्षक कमलेश्वर सिंह व विजय गुप्ता सक्रिय रहे।

# प्रशासन तुंहर द्वार अभियान के तहत ग्राम पंचायत रसौटा में हुआ शिविर का आयोजन

*शिविर में ईव्हीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन*

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।





*** शिविर में कुल 295 आवेदन हुए प्राप्त**
*** 170 प्रकरणों का किया गया त्वरित निराकरण**




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले आमनागरिकों की शिकायतों, समस्याओं आदि के निराकरण के लिए विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों के नजदीक पहुंचते हुए प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजन से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के विकासखंड पामगढ़ के ग्राम पंचायत रसौटा में प्रशासन तुंहर द्वार अभियान शिविर का आयोजन किया गया। प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में कुल 295 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में 170 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इसके साथ शिविर में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कार्यप्रणाली की जानकारी और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत विभाग के 179, राजस्व विभाग के 68, विद्युत विभाग के 9, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 1, शिक्षा विभाग के 4, महिला एवं बाल विकास विभाग के 1, खाद्य विभाग के 4, कृषि विभाग के 1,

आदिवासी विकास विभाग 1, सहकारिता विभाग के 1, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के 4, समाज कल्याण विभाग के 20 और जल संसाधन विभाग के 1 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार कुल 295 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 170 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया है तथा शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को जल्द निराकरण करने निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य रोजगार गारंटी परिषद शेषराज हरबंश, माटी कला बोर्ड की सदस्य पुनीता प्रजापति, अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य राम पप्पू बघेल, श्रम कल्याण मंडल के सदस्य हरप्रसाद साहू, रवि शेखर भारद्वाज, सरपंच रसौटा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. ज्योति पटेल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत तरौद में 27 जुलाई को होगा प्रशासन तुंहर द्वार शिविर का आयोजन

*इसी प्रकार अकलतरा 27 जुलाई को विकासखंड अकलतरा ग्राम पंचायत तरौद में शिविर का आयोजन किया जाएगा। नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदी में 3 अगस्त को, 10 अगस्त को बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत बसंतपुर में, 17 अगस्त को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत चोरिया में, 24 अगस्त को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कोसला में एवं 31 अगस्त को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मधुवा में प्रशासन तुहंर द्वार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत के नागरिकों से शिविर में शामिल होकर ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की गई है।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in